ई-पेपर संस्करण
मंगलवार 27 जनवरी 2026

मौसम
अधि. 18.2
न्यून. 4.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# जमीं से आसमां तक शक्ति प्रदर्शन

## 77वें गणतंत्र दिवस पर कर्त्तव्य पथ पर भव्य समारोह का आयोजन

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर देश की शक्ति का प्रदर्शन किया गया। इस साल परेड का विशेष सांस्कृतिक विषय 'स्वतंत्रता का मंत्र- वंदे मातरम्' था। पहली बार दो मुख्य अतिथि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल रहे। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार 6065 प्रतिभागी शामिल हुए। परेड के फ्लाई-पास्ट में 29 विमान (जिनमें 16 लड़ाकू विमान, 4 परिवहन विमान और 9 हेलीकॉप्टर) ने प्रदर्शन किया। देशभर से 2500 कलाकार परेड में सांस्कृतिक प्रदर्शन के लिए शामिल रहे। सेना के मार्चिंग कंटिंजेंट के अलावा पशु दल और विशेष फोर्स की यूनिट्स भी शामिल रहीं।



भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस पर अपनी सांस्कृतिक विविधता, आर्थिक विकास और सैन्य कौशल का भव्य प्रदर्शन किया, जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इस्तेमाल की गई मिसाइलें, युद्धक विमान, नवगठित इकाइयां और घातक हथियार प्रणालियां शामिल थीं। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। यह सैन्य प्रदर्शन के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण राजनयिक क्षण भी था। हालांकि इस आयोजन का विषय 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने पर था, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी के हृदय में स्थित कर्तव्य पथ पर परेड में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को भी प्रमुखता मिली। परेड की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सलामी लेने के साथ हुई। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष के साथ वह पारंपरिक बग्गी पर सवार होकर कर्तव्य पथ पर पहुंची थीं। परंपरा के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ और फिर 105 एमएम लाइट फील्ड गन से 21 तोपों की सलामी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कई अन्य केंद्रीय मंत्री, देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी, विदेशी राजनयिक और वरिष्ठ अधिकारी इस दौरान कर्तव्य पथ पर मौजूद थे।



### इस बार 8 बड़े बदलाव

- गणतंत्र दिवस में पहली बार दो चीफ गेस्ट रहे।
- पहली बार महिला अधिकारी के नेतृत्व में सीआरपीएफ की पुलिस टुकड़ी।
- पहली बार सेना का पशु दस्ता भी शामिल हुआ।
- पहली बार बैटल एरे डिस्प्ले दिखाई दिया।
- सिक्योरिटी में एआई लैस स्मार्ट चश्मों का इस्तेमाल हुआ।
- भैरव लाइट कमांडो बटालियन ने परेड में हिस्सा लिया।
- सिनेमा की झांकी दिखाई गई।
- दर्शक गैलरियों के नाम पहली बार नदियों के नाम पर रखे गए।

### यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं ने देखी भारत की भव्यता

**नई दिल्ली।** कुल 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) के दो शीर्ष नेताओं एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सोमवार को कर्तव्य पथ पर भारत के 77वें गणतंत्र दिवस समारोह को देखा और इसके साथ ही वे उन नेताओं के समूह में शामिल हो गए, जो देश के सबसे बड़े इस समारोह के गवाह बने। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष लेयेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों, विदेशी राजनयिकों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भव्य सैन्य परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा। यह पहली बार था जब यूरोपीय संघ (ईयू) के दो शीर्ष नेताओं ने मुख्य अतिथि के रूप में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लिया। कोस्टा और वॉन डेर लेयेन एक उच्चाधिकार प्राप्त प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में यूरोपीय संघ की एक छोटी सैन्य टुकड़ी ने भी भाग लिया।

### मोदी ने पहनी बंधेज पगड़ी

- इस पर मोर पंख पैटर्न
- कुर्ता-जैकेट के रंग नेवी और एयरफोर्स यूनिफॉर्म जैसे रहे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 77वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में बंधेज पगड़ी पहनकर शामिल हुए। टाई एंड डाई आर्ट से बनी इस पगड़ी में मरून, गुलाबी, हरा, पीला और नीला रंग थे। पूरी पगड़ी पर मोर पंख के सुनहरे पैटर्न बने थे। प्रधानमंत्री ने गहरे नीले रंग का कुर्ता, हल्के नीले रंग की हाफ जैकेट और सफेद चूड़ीदार पायजामा पहना। उनका कुर्ता इंडियन नेवी और जैकेट एयरफोर्स यूनिफॉर्म के रंग की थी। हर साल गणतंत्र दिवस पर सीएम के लुक और पगड़ी की काफी चर्चा होती है। पिछले साल प्रधानमंत्री ने भूरे रंग की जैकेट के साथ रंगीन पगड़ी पहनी थी।

### परेड का मुख्य आकर्षण बने सेना के रोबोटिक म्यूल



परेड में मुख्य आकर्षक सेना के रोबोटिक म्यूल रहे। आने वाले दिनों में यह रोबोटिक म्यूल आतंकरोधी अभियानों में खासकर जम्मू-कश्मीर के दुर्गम और घने जंगल वाले इलाकों में सैनिकों से पहले आगे जाते नजर आएंगे। यह संदिग्ध इलाकों की जांच कर दुश्मन की मौजूदगी की जानकारी देंगे और जरूरत पड़ने पर सैन्य निगरानी में फायरिंग भी करेंगे। यदि कोई आतंकवादी किसी इमारत या कमरे में छुपा है, तो सैनिकों को भेजने के बजाय म्यूल को अंदर भेजा जा सकता है। इसमें लगे 360-डिग्री कैमरे और थर्मल सेंसर अंधेरे या धुएं में भी आतंकी की सटीक स्थिति बता सकते हैं। हालांकि इन रोबोटिक म्यूल्स पर लगी राइफलें पूरी तरह मानवीय नियंत्रण में संचालित होंगी और फायरिंग का अंतिम निर्णय सैनिक ही लेंगे।


## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में कई प्रेशर बमों में विस्फोट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए कई प्रेशर बमों में हुए विस्फोट में 11 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान करेंगुट्टा पहाड़ियों के जंगलों में प्रेशर बमों में धमाके हुए। उन्होंने बताया कि घायल सुरक्षाकर्मियों में से 10 राज्य पुलिस की इकाई जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के हैं, जबकि एक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कोबरा बटालियन का है। अधिकारियों ने बताया कि कोबरा बटालियन के घायल जवान की पहचान रुद्रेश सिंह के रूप में हुई है।

### बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 129.89 करोड़ कमाए

**नई दिल्ली।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' ने तीन दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म निर्माताओं ने यह जानकारी दी।



अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज व जेपी फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। यह 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है, जिसकी कहानी भारतीय सैनिकों की एक छोटी बटालियन और 2000 हथियारों से लैस पाकिस्तानी सेना के बीच संघर्ष पर आधारित है।

## प्रदेश में उद्योग-श्रमिक मैत्री परिषद का गठन, सीएम सैनी होंगे अध्यक्ष

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में उद्योग-श्रमिक मैत्री परिषद का गठन कर दिया गया है। सरकार ने राज्य के औद्योगिक और आर्थिक ढांचे को मजबूती के लिए आगामी वित्तीय वर्ष के राज्य बजट के विचार-विमर्श और निर्माण के लिए उच्च स्तरीय समिति उद्योग-श्रमिक मैत्री परिषद के गठन को मंजूरी दे दी है। गवर्नर की मंजूरी के बाद गठित यह परिषद सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में काम करेगी। परिषद का उद्देश्य बजट निर्माण में उद्योग जगत और श्रमिक वर्ग के बीच संतुलन



मंत्री विज होंगे सदस्य, उद्योग और श्रमिक वर्ग के सुझावों पर होगा बजट

स्थापित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है। इस समिति में श्रम मंत्री अनिल विज, अम आयुक्त, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक सचिवों के अलावा औद्योगिक संगठनों और श्रमिक संघों के प्रतिनिधि भी सदस्य होंगे।

### ये होंगे परिषद के काम

परिषद बजट सुझावों के साथ-साथ औद्योगिक वातावरण को बेहतर बनाने के उपायों पर भी चर्चा करेगी। परिषद का फोकस न्यूनतम मजदूरी दरों के पुनरीक्षण, औद्योगिक विवादों के शीघ्र समाधान के लिए 5 नए श्रम न्यायालयों की स्थापना, कर्मचारियों के लिए बीमा और सामाजिक सुरक्षा पोर्टल की निगरानी, औद्योगिक लाइसेंसिंग प्रक्रिया के सरलीकरण और विकेंद्रीकरण पर रहेगा।

## प्रदेश में आज से स्कूल बसों की स्पेशल जांच

- 31 जनवरी तक चलेगा ट्रैफिक पुलिस का अभियान
- ट्रांसपोर्ट विभाग करेगा सहयोग

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा की सड़कों पर दौड़ने वाले स्कूली वाहनों की जांच होगी। साथ ही सभी जिलों में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों का पालन हो रहा है या नहीं इसी के मद्देनजर हरियाणा परिवहन विभाग अभियान चलाएगा। यातायात पुलिस के साथ यह अभियान आज से 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। इसके अलावा स्कूल, कॉलेजों, जिला और उप मंडल स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सड़कों पर संचालित ओवरलोड बाले वाहनों के भी चालान किए जाएंगे। हरियाणा परिवहन विभाग ने यातायात जागरूकता अभियान शुरू करने का शेड्यूल तैयार किया है।

## फरीदाबाद में 15 लाख का सोना-नकदी चोरी

- घर में सोते रहे परिवार के सदस्य
- चोरों के घुसने की नहीं लगी भनक

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** एनआईटी थाना क्षेत्र के पांच नंबर स्थित एल-ब्लॉक में रविवार रात चोरों ने एक मकान से 15 लाख का सोना और नगदी उड़ा ली। हैरानी की बात यह रही कि घर के तीन सदस्य गहरी नींद में सोते रहे और चोर दूसरे कमरे में अलमारी खोलकर लाखों के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। परिवार को सुबह तक चोरी की भनक तक नहीं लगी। मकान मालिक अमित भाटिया ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे जब वह नींद से जागे तो देखा कि जिस कमरे में उनकी दोनों बेटियां सो रही थीं, उस कमरे की अलमारी खुली हुई थी और अंदर रखा सारा सामान जमीन पर बिखरा पड़ा था।

## असम से 467 लोगों को उनके देश भेजा

- राज्य सरकार अवैध प्रवासियों के खिलाफ चला रही अभियान बॉर्डर पर भी तैनाती बढ़ाई

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के गवर्नर लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा कि 1.7 लाख अवैध प्रवासियों में से 467 को वापस भेज दिया गया है। गुवाहाटी में गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने के बाद संबोधन के दौरान उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल अक्टूबर तक राज्य में 4.35 लाख लोगों को अवैध प्रवासियों के रूप में पहचाना गया। वे सभी अवैध रूप से रह रहे हैं। राज्य की 14 पुलिस पोस्टों को बीएसएफ ने पूरी तरह से बंद कर रखा है। बांग्लादेश से लगती श्रीभूमि, डूबरी और दक्षिण सलमारा जिलों में सीमा से सटे क्षेत्रों में सेना ने सतर्कता बढ़ाई है। बड़े स्तर पर इन लोगों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है।

## प्रदेश में सूखी ठंड, आज और कल तेज शीतलहर का अलर्ट



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कड़ाके की ठंड रही। पूरे प्रदेश में धूप खिली। ठंडी हवा कंपकपी छुड़ा रही है। हांसी व अन्य क्षेत्रों में पाला भी जमा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, बीती रात को राज्य के औसत न्यूनतम तापमान में 0.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। वर्तमान में प्रदेश का तापमान सामान्य से 3 डिग्री नीचे बना हुआ है। हिसार में तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री कम दर्ज किया गया।

कल से बारिश की संभावना, कई जगहों पर पाला भी जमा

### सोनीपत रहा सबसे ठंडा क्षेत्र

बीती रात को प्रदेश में सबसे कम तापमान सोनीपत जिले के कनाल रेस्ट हाउस, सरगथल में दर्ज किया गया। यहां का पारा लुढ़ककर 2.0 डिग्री तक पहुंच गया। यहां पिछले 24 घंटों में तापमान में 3.1 डिग्री की भारी गिरावट देखी गई है। दूसरी तरफ एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के प्रभाव से हरियाणा में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। 27 व 28 जनवरी को शीतलहर चलेगी और जगह-जगह बारिश भी होने की संभावना है।

### अमेरिकी सांसद टेड क्रूज की ऑडियो रिकॉर्डिंग लीक

## वेंस की वजह से नहीं हो पाई भारत-अमेरिका ट्रेड डील, ट्रम्प को भी जिम्मेदार ठहराया

ट्रम्प ने कथित तौर पर कहा, "दफा हो जाओ, टेड

*रिकॉर्डिंग में क्रूज ने कहा कि अप्रैल 2025 में लागू किए गए ट्रम्प के टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर सकते हैं। आप हाउस हारेंगे, सीनेट हारेंगे और अगले दो साल हर हफ्ते महाभियोग झेलेंगे।*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की वजह से भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील नहीं हो पाई। यह दावा अमेरिका के रिपब्लिकन सीनेटर टेड क्रूज ने किया है। क्रूज की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग लीक हुई है। यह सीक्रेट रिकॉर्डिंग अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सिओस को मिली हैं। रिकॉर्डिंग में क्रूज ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भी कभी-कभी डील में देरी के लिए जिम्मेदार बताया है। ये बातचीत 2025 के मध्य में दानदाताओं के साथ निजी बैठकों के दौरान की गई थी। रिकॉर्डिंग में क्रूज कहते हैं कि भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर व्हाइट हाउस के भीतर विरोध रहा।

### रिकॉर्डिंग से रिपब्लिकन नेताओं में मतभेद सामने आए

रिकॉर्डिंग से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर पारंपरिक फ्री ट्रेड समर्थकों और 'अमेरिका फर्स्ट' धड़े के नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। क्रूज ने वेंस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे कंजर्वेटिव कमेंटेटर टकर कार्लसन के प्रभाव में हैं। ये मतभेद सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं, बल्कि विदेश नीति और अहम नियुक्तियों तक फैले हुए हैं।



### दावा- मोदी ने फोन नहीं किया इसलिए डील रुकी

इससे पहले अमेरिकी कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया था कि पीएम मोदी ने ट्रम्प को कॉल नहीं किया, इसकी वजह से भारत के साथ ट्रेड डील नहीं हुई। 8 जनवरी को एक पॉडकास्ट में लुटनिक ने ये बात कही थी। लुटनिक ने कहा था कि "भारत के साथ ट्रेड डील लगभग पूरी हो चुकी थी। भारत को बातचीत फाइनल करने के लिए 'तीन शुक्रवार' का समय दिया गया था।

### अर्थव्यवस्था को लेकर चेताया

रिकॉर्डिंग में क्रूज ने कहा कि अप्रैल 2025 में लागू किए गए ट्रम्प के टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर सकते हैं। क्रूज के मुताबिक, टैरिफ लागू होने के बाद उन्होंने और कुछ अन्य सीनेटरों ने ट्रम्प से देर रात तक चली फोन कॉल में फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा, लेकिन बातचीत ठीक नहीं रही। क्रूज ने दावा किया कि उन्होंने राष्ट्रपति को चेताया था कि अगर नवंबर 2026 तक किराना सामान की कीमतें 10 से 20% बढ़ गईं, तो रिपब्लिकन पार्टी को चुनावों में भारी नुकसान होगा।

## खबर संक्षेप

### रेवाड़ी के बावल में बिजली का खंभा कार पर गिरा

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के बावल बाजार में छोटू राम चौक पर रविवार देर शाम बिजली का खंभा कार पर गिर गया। बाजार से गुजर रही ओवरलोड पिकअप में तार फंसने से हादसा हुआ। हादसे में कार सवार तीन युवक बाल बाल बच गए। जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। हादसे के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने इसके लिए बिजली निगम को जिम्मेदार ठहराया। सूचना के बाद बावल पुलिस और बिजली निगम के कर्मचारियों ने स्थिति को संभाला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### विश्वविद्यालय में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश भक्ति से ओत-प्रोत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए धूमधाम से इस राष्ट्रीय पर्व को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने की और उनकी धर्मपत्नी डॉ. सीमा मिगलानी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही। विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मियों द्वारा तिरंगे को दी गई सलामी एवं कुलपति द्वारा तिरंगा फहराने के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ।

### जिला परिषद प्रदीप यादव ने किया ध्वजारोहण

**भिवानी।** सौंफ कासनी के राजकीय उच्च विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया, इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पार्षद प्रदीप यादव ने ध्वजारोहण किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अध्यापक सतीश हुड्डा ने की! स्कूल में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। तदुपरांत राष्ट्रगान की मधुर ध्वनि के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशसेवा के मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### वैश्य मॉडल स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

**भिवानी।** वैश्य मॉडल स्कूल में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के महासचिव एवं मुख्य अतिथि बृजलाल सर्राफ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। तदुपरांत राष्ट्रगान की मधुर ध्वनि के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशसेवा के मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स एंड गाइड्स ने बैंड की मधुर ध्वनि के साथ मार्च पास्ट किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। नर्सरी-केजी के विद्यार्थियों ने साइकिल मार्च द्वारा उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया मानवता विरोधी पहलगाम हमले को प्रदर्शित करती बाल नृत्य नाटिका की प्रस्तुति अत्यंत मार्मिक रही।

## गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बोले, 54 संकल्प पूरे किए

# विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा हरियाणा

मुख्यमंत्री सैनी ने गुरुग्राम के सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में तिरंगा फहराया

वंदे मातरम् के 150 वर्ष और आत्मनिर्भर भारत रखी गई कार्यक्रम की थीम

किसान और युवाओं का पूरा ख्याल रख रही सरकार

विकसित भारत के संकल्प के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा हरियाणा

हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और जयपुर के लिए सीधी उड़ानें शुरू की गईं

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। यह दिन भारत की विविधता में एकता का प्रतीक है, जिसने देश को एक मजबूत और समावेशी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश प्रधानमंत्री के "विकसित भारत" के संकल्प के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और हरियाणा इस राष्ट्रीय यात्रा में कदम से कदम मिलाकर योगदान दे रहा है। "मेक इन इंडिया" और "स्वदेशी अभियान" के माध्यम से भारत आयातक से निर्यातक राष्ट्र की ओर अग्रसर हुआ है, जिसमें हरियाणा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि हरियाणा 3 लाख 53 हजार रुपये की प्रति व्यक्ति आय के साथ देश के बड़े राज्यों में प्रथम स्थान पर है।

### वैश्विक निवेश का बड़ा केंद्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम आज वैश्विक निवेश का बड़ा केंद्र बन चुका है, जहां विश्व की फॉर्च्यून 500 कंपनियों के 250 से अधिक कार्यालय स्थित हैं। खेलों के क्षेत्र में भी हरियाणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है और ओलंपिक व अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदक जीतने वाला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण का यह उनका दूसरा अवसर है और यह उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है।



### पंचायतों-शहरी निकायों को सशक्त बनाया

उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में प्रदेश में 12 लाख 92 हजार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग स्थापित हुए हैं। मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत 20 साल से अधिक समय से दुकानों और मकानों पर काबिज लोगों को उनकी मिल्कियत दी गई है। पंचायतों और शहरी निकायों को सशक्त बनाते हुए बिना टेंडर के काम करवाने की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 21 लाख रुपये कर दी गई है। अंत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हर जिले को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए 22 नए राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए गए हैं और हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और जयपुर के लिए सीधी उड़ानें शुरू की गई हैं।

### किसान हित में काम कर रहे

किसानों को प्रदेश की नीतियों का केंद्र बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये सीधे डाले गए हैं। पिछले 11 वर्षों में फसल खराब होने पर मुआवजे के रूप में 15 हजार 448 करोड़ रुपये वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 56 हजार मकान दिए गए हैं, जबकि सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाकर 3200 रुपये मासिक की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दयालु योजना के अंतर्गत 55 हजार 777 परिवारों को 2 हजार 98 करोड़ की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

### सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

*मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान जारी संकल्प पत्र में किए गए 217 संकल्पों में से 54 संकल्पों को मात्र एक वर्ष में पूरा कर लिया गया है। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हांसी को नया जिला बनाया गया, इससे पहले दादरी को भी जिला बनाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बिना खर्ची-बिना पर्ची के नौकरी देने की नीति, ऑनलाइन रजिस्ट्री, पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी, पढ़ी-लिखी पंचायतें और अंत्योदय अभियान आज पूरे देश में हरियाणा की पहचान बन चुके हैं।*

### सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

*मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विकास और जनकल्याण के साथ-साथ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की जान और माल की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत अब तक 6 हजार से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं और 12 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति नशा तस्करों से जब्त की गई है। रोजगार के क्षेत्र में सरकार ने बीते एक वर्ष में 34 हजार युवाओं को नौकरी दी है, जिससे पिछले 11 वर्षों में कुल 1 लाख 80 हजार नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं।*



पहले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का साक्षी बना नवगठित जिला

## केंद्रीय मंत्री मनोहर ने हांसी में फहराया तिरंगा

एजेंसी ▶▶| हांसी

हरियाणा के नवगठित जिले हांसी के लिए 26 जनवरी का दिन ऐतिहासिक बन गया। जिले के गठन के बाद पहली बार राजकीय महाविद्यालय के मैदान में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर रहे। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और समारोह का विधिवत शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने नवगठित जिले हांसी को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई और जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर एक अनूठी पहल भी देखने को मिली।

उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल द्वारा 19 दिसंबर को जन्मे बच्चों के माता-पिता को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि हांसी जिले की आधिकारिक अधिसूचना 19 दिसंबर को जारी की गई थी। इस तिथि को यादगार बनाने के उद्देश्य से ऐसे 10 बच्चों के परिवारों को मंच पर सम्मानित किया गया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। समारोह के दौरान आरपीएस स्कूल गढ़ी के कक्षा 12वीं के छात्र अरुण ने अपने हाथ से बनाया एक सुंदर चित्र केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को भेंट किया। छात्र की प्रतिभा से प्रभावित होकर मंत्री ने उसे 1000 रुपये का नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

**हालांकि समारोह के दौरान उस समय थोड़ी असहज स्थिति उत्पन्न हो गई जब झांकी निकालते समय एक ट्राली धंस गई। ट्रैक्टर की मदद से ट्राली को निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी झांकी को एक ट्राली वहीं छोड़कर आगे बढ़ना पड़ा। इसके बावजूद समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और हांसी जिले के लिए यह दिन एक यादगार अध्याय बन गया।**

## फरीदाबाद में स्वास्थ्य मंत्री राव ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद में राज्य स्तरीय 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फरीदाबाद स्थित शहीद स्मारक पर हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। इसके उपरांत स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने समारोह स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर नागरिक को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से हरियाणा के सभी जिलों में उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस योजना की शुरुआत पहले चरण में 10 जिलों से की गई थी, जिसे जनता का सकारात्मक सहयोग और सफलता मिली।

▶▶| गणतंत्र दिवस समारोह, आरती ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

▶▶| सरकार का लक्ष्य हर नागरिक को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देना



## गुरु रविदास जयंती के बहाने एक तीर से कई सियासी निशाने

- कईं सियासी दिग्गज दलित चेहरों को अहम जिम्मेदारी वरिष्ठ मंत्री कृष्ण पंवार, कृष्ण बेदी और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के प्रेस सलाहकार सुदेश कटारिया को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़


सूबे की नायब सैनी सरकार कुरुक्षेत्र के उमरी में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन करने की तैयारी में है। इस कार्यक्रम के बहाने प्रदेश सरकार के सियासी दिग्गज एक तीर से कईं निशाने साधने की तैयारी में है। खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने इसके लिए राज्य के दलित समाज से वरिष्ठ मंत्रियों कृष्ण पंवार, कृष्ण बेदी और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुदेश कटारिया ने बताया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती को लेकर वे सभी संयुक्त प्रयासों में जुटे हुए हैं। गत दिवस इस संबंध में एक अहम बैठक भी आनलाइन की गई थी, जिसमें सभी मंत्रियों और प्रमुख नेताओं के साथ साथ में भाजपा हरियाणा मामलों के प्रभारी भी जुड़े थे। कटारिया ने बताया कि पूरे राज्यभर से बसें आएंगे और राज्य के हर जिले और शहरों में संत रविदास जी की फ्लैक्स और अन्य प्रचार सामग्री भी लगाई जाएगी।

## हिसार में कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा पेड़ से भिड़ी, परिवार के तीन सदस्यों की मौत

- 6 घायल, सगाई समारोह से लौट रहे थे, सरहेड़ा के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

हरियाणा के हिसार जिले में बनभौरी मार्ग पर रविवार देर रात भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जान चली गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब सगाई समारोह से लौट रही एक ब्रेजा गाड़ी पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई और फिर बेकाबू होकर पेड़ से जा भिड़ी। बरवाला उपमंडल में हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। टक्कर से गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसमें बैठे लोग अंदर ही फंस गए थे। पुलिस ने सभी को किसी तरह गाड़ी से बाहर निकाला। घायलों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। साथ ही तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।



### ग्रामीणों ने सभी को गाड़ी से बाहर निकाला

*हादसा होते ही आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे तो देखा कि ट्रैक्टर ट्राली और पेड़ से टकराने के बाद गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए थे। इस पर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। साथ ही गाड़ी में फंसे लोगों को भी निकालने का प्रयास किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।*

### ऐसे हुआ हादसा

*पुलिस के मुताबिक, वापस लौट समय इस परिवार की ब्रेजा गाड़ी सरहेड़ा के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से हो गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने के बाद बाद ब्रेजा गाड़ी सड़क किनारे एक पेड़ से भी टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।*

## गणतंत्र दिवस पर शिक्षा मंत्री ने हिसार में किया ध्वजारोहण



**हिसार।** गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान में सोमवार को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज, मैं स्वतन्त्रता सेनानियों व शहीदों को भी नमन करता हूँ, जिनके बलिदानों से हमें गणतंत्र दिवस मनाने का यह गौरवशाली अवसर प्राप्त हुआ है। आज ही के दिन 76 वर्ष पहले सन 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता के मौलिक अधिकार दिए। इसी दिन भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इस अवसर पर, मैं संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन करता हूँ।

## दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री और अधिकारी शामिल होंगे

# एसवाईएल को लेकर नायब व मान के बीच आज होगी अहम बैठक

पंजाब और हरियाणा के बीच अब तक पांच दौर की बैठकें रही बेनतीजा

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर को लेकर पंजाब के साथ होने वाली मीटिंग से पहले हरियाणा सीएम नायब सैनी ने मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग में सीनियर ऑफिसर शामिल होंगे। इसमें एसवाईएल से जुड़े हर पहलू पर चर्चा की जाएगी। दरअसल, हरियाणा और पंजाब की चंडीगढ़ में 27 जनवरी (मंगलवार) को हरियाणा निवास में एसवाईएल को लेकर मीटिंग होनी है, इस मीटिंग में मुख्यमंत्री नायब सैनी और पंजाब





के मुख्यमंत्री भगवंत मान के सहित दोनों सरकारों के सीनियर अफसर भी शामिल होने वाले हैं। इससे पहले भी एसवाईएल नहर विवाद को सुलझाने के लिए जुलाई, अगस्त और नवंबर 2025 में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में दिल्ली में बैठकें हो चुकी हैं। इन दोनों बैठकों में कोई हल निकला था, जिसके बाद अब इस साल की एसवाईएल को लेकर ये पहली बैठक बुलाई गई है।

**नदी पानी के सभी मुद्दे टाले:** 17 नवंबर को फरीदाबाद में हुई उत्तरी जोनल काउंसिल की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नदी पानी से जुड़े सभी मुद्दों को फिलहाल के लिए मुल्तवी कर दिया। इससे पहले चंडीगढ़ को राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण में लाने के प्रस्ताव का पंजाब में तीखा विरोध हो चुका है, जिसके बाद केंद्र को कदम पीछे खींचने पड़े थे।

**इस साल की यह पहली बैठक होगी**

### मुख्यमंत्रियों की 5 बैठकें, मगर नहीं निकला कोई भी हल

- ▶▶| पहली बैठक: 18 अगस्त 2020
- ▶▶| दूसरी बैठक: 14 अक्टूबर 2022 (चंडीगढ़)
- ▶▶| तीसरी बैठक: 4 जनवरी 2023 (दिल्ली)
- ▶▶| चौथी बैठक: जुलाई 2025
- ▶▶| पांचवीं बैठक: 5 अगस्त 2025 में

### 214 किमी. में से 122 किमी. पंजाब का हिस्सा अटका

कुल 214 किमी लंबी एसवाईएल नहर में से पंजाब का 122 किमी हिस्सा अभी भी बिना निर्माण के पड़ा है।जनवरी 2002 में सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब को पानी समझौते के मुताबिक नहर बनाने के लिए कहा था।हरियाणा नहर निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुका है।8 अगस्त को इस मामले की आखिरी सुनवाई हुई थी। अगली तारीख तय नहीं है।

## डबवाली में प्रॉपर्टी डीलर से अब मांगे 2 करोड़

आरज़ू बिश्नोई के नाम से की गई कॉल, धमकी से परिवार दहशत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

सिरसा जिले के डबवाली के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर दुष्यंत गर्ग उर्फ हैप्पी को आरजू बिश्नोई के नाम से मिल रही धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। पुलिस की कड़ी सुरक्षा और जांच के दावों के बावजूद रविवार, 25 जनवरी को फिरौती मांगने वाले ने रकम 30 लाख रुपए से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए कर दी। इस घटना ने पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 23 जनवरी को पुलिस ने हैप्पी गर्ग के घर पर सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए थे। साथ ही सीआईए और साइबर सुरक्षा टीमें भी मामले की जांच में जुटी हुई थीं। इसके बावजूद रविवार दोपहर को इंटरनेट मीडिया के जरिए फिर से धमकी भरी कॉल आई। कॉलर ने इस बार पहले से अधिक आक्रामक लहजे में बात की और फिरौती की रकम को कई गुना बढ़ा दिया। इस नई धमकी ने न केवल पीड़ित परिवार को, बल्कि पुलिस प्रशासन को भी सकते में डाल दिया है। प्रॉपर्टी डीलर दुष्यंत गर्ग उर्फ हैप्पी ने बताया कि वे समझ नहीं पा रहे कि आखिर उन्हें ही इतनी बड़ी रकम के लिए क्यों निशाना बनाया जा रहा है।



### पुलिस ने कहा, जांच जारी, जल्द होगा खुलासा

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है। सीआईए और साइबर सेल की टीमें कॉल के स्रोत और तकनीकी साक्ष्यों को खंगाल रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी चाहे देश में हो या विदेश में, उसे जल्द ट्रेस कर गिरफ्तार किया जाएगा। अधिकारियों ने दावा किया कि पीड़ित की सुरक्षा को और मजबूत किया गया है और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पानीपत प्रदूषण के मामले में देश में दूसरे स्थान पर

**पानीपत।** औद्योगिक नगरी पानीपत में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक तरफ जिले का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 800 के पार पहुंच चुका है। वहीं, दूसरी तरफ स्थानीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हाथ पर हाथ धरे बैठा है। ताजा मामला जिला सचिवालय के वीआईपी गेट का है, जहां नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि मिनी सचिवालय के मुख्य द्वार पर लगा एयर क्वालिटी मॉनिटर दिवाली के बाद से ही बंद है।

### पीपीपी की गलतियां सुधारने को पोर्टल शुरू

**रेवाड़ी।** हरियाणा में महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुके परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में गलत दर्ज आय, नाम, आयु और प्रॉपर्टी को ठीक करवाने के लिए अब आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। कोई भी व्यक्ति घर बैठे मेरा परिवार पोर्टल पर जाकर इन गलतियों को सही कर सकता है। इसके लिए पोर्टल में अलग अलग माड्यूल बनाए गए हैं। इसके लिए आपको सिटीजन आईडी पर अपनी फैमिली आईडी के साथ, वन टाइम पासवर्ड के साथ अपना लॉगिंग बनाना होगा।

### सोनीपत : खेत में जा रहे व्यक्ति पर फायरिंग

**सोनीपत।** सोनीपत जिले के गैंगस्टर काला जठेड़ी के गांव में पुरानी रंजिश के चलते दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जहां बदमाशों ने खेतों की ओर जा रहे एक युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले सरकारी अस्पताल और फिर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए रेफर कर दिया गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### भालखी के सरंपच प्रतिनिधि सुरेंद्र पर जानलेवा हमला

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में सोमवार को भालखी के सरंपच प्रतिनिधि सुरेंद्र पहलवान पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने गणतंत्र दिवस समारोह से लौटते समय वारदात को अंजाम दिया। बदमाश तीन-चार गाड़ियों में सवार होकर आए थे। बदमाशों ने हाइवे पर एम्स के पास पहले गाड़ी को गाड़ी मारी। फिर तेजधार हथियारों से हमला किया और तीन राउंड फायर किए। पैर में गोली लगने से सुरेंद्र उर्फ डोलिया घायल हो गए। बदमाश मौके पर मैग्जीन छोड़कर फरार हो गए।

### गोपुत्र सेना ने 4 ऊंटों से भरी पिकअप पकड़ी

**हांसी।** गोपुत्र सेना हरियाणा द्वारा ऊंट तस्करों पर कार्यवाही करते हुए आज सुबह मय्यड़ टोल के पास पिकअप गाड़ी पकड़ ली। गोपुत्र सेना तोशाम व हांसी की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा उसमें चार ऊंटों को बड़ी क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भर रखा था। उनके मुंह और पैर रस्सीओ से बंधे हुए मिले। जिनको काफी चोटें भी आई हुई थी और ड्राइवर एहसान पुत्र युसूफ वसीम बागपत ने बताया कि नोहर से यह ऊंट भरवा गए हैं और इन्हें मेवात ले जाना है।

---


*वीडियो वायरल, पुलिस ने कार इम्पाउंड की थी इसलिए भड़का युवक*

# फरीदाबाद में हाई वोल्टेज ड्रामा, पुलिस चौकी में युवक ने 500 रुपये के नोट उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरीदाबाद

फरीदाबाद में एक युवक ने पुलिस चौकी में घुसकर 500-500 रुपये के कई नोट उड़ा दिए। उसके साथियों ने काफी देर तक पुलिस के सामने ही हाई वोल्टेज ड्रामा किया। इस दौरान चौकी में तैनात पुलिसकर्मी युवक को समझाने का प्रयास करते रहे। रविवार-सोमवार की रात कुछ युवक हाई-स्पीड में गाड़ी चलाकर एक हॉस्पिटल में घुस गए। मौके पर गश्त कर रही पुलिस ने गाड़ी के डॉक्यूमेंट दिखाने के लिए कहा तो युवकों ने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी को इंपाउंड (जब्त) कर दिया। अब इस घटना से जुड़ी एक वीडियो भी सामने आई है। इसमें युवक अपने साथियों के साथ चौकी में घुसकर हंगामा करने लगा। पुलिसवालों से बहस करते हुए गड्डी से निकालकर कई नोट उड़ा दिए।

**पुलिस ने गाड़ी के डॉक्यूमेंट दिखाने के लिए कहा तो युवकों ने किया हंगामा**





### हाई स्पीड में हॉस्पिटल में घुसी गाड़ी

सेक्टर 3 चौकी पुलिस के अनुसार, 26 जनवरी को लेकर कुछ पुलिसकर्मियों की ड्यूटी बीके हॉस्पिटल के पास लगी थी। तभी हाई स्पीड में एक व्हाइट कलर की बलेनो हॉस्पिटल में घुस गई। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन इसके बाद भी युवकों ने गाड़ी नहीं रोकी। कुछ दूर आगे चलकर पुलिसकर्मियों ने उनकी गाड़ी रुकवा ली।

### गाड़ी में शराब की खाली बोतलें मिली

पुलिस ने गाड़ी चेक की तो उसमें 3 युवक सवार थे। कार के अंदर शराब की खाली बोतलें भी रखी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने युवकों को गाड़ी के डॉक्यूमेंट दिखाने के लिए कहा तो उनके पास इसके कोई डॉक्यूमेंट नहीं थे।

### गाड़ी को जब्त किया

इसके बाद पुलिस ने हाई स्पीड ड्राइविंग और डॉक्यूमेंट न होने पर गाड़ी का चालान कर दिया। इसके बाद उसे इंपाउंड कर दिया। इसके बाद युवक सेक्टर 3 की पुलिस चौकी में पहुंच गए। यहां पुलिस के सामने ही हंगामा करने लगे।

### चौकी में हुआ जमकर हंगामा

कार के इंपाउंड होने पर युवक पुलिस के पीछे-पीछे ही चौकी में पहुंच गए। चौकी में पुलिस के सामने ही युवकों ने काफी देर तक जमकर हंगामा किया गया। युवक पुलिसकर्मी से कहते दिख रहे हैं कि गाड़ी को इंपाउंड न किया जाए। चालान काटकर ही उसे छोड़ दिया जाए। वो कोर्ट में चालान भर देंगे।

### पुलिस के सामने कई नोट उड़ाए

इसी दौरान हंगामा कर रहे एक युवक ने 500 रुपए की गड्डी से नोट निकालकर पुलिस कर्मी की ओर उछाल दिए। एक के बाद एक युवक ने कई नोट उड़ाए। बताया जा रहा है कि युवक ने करीब तीन-चार हजार रुपए उड़ा दिए। युवक कह रहा था कि वो गरीब नहीं है...ये लो और ले लो।

### पुलिसकर्मी युवक को रोकता रहा

इसके बाद एक पुलिसकर्मी युवक को रोकने की कोशिश करता है। लेकिन फिर भी युवक फिर भी पुलिसकर्मी से बहस करते रहे। एक पुलिस वाला हाथ से इशारा कर उन्हें चौकी से बाहर जाने का इशारा करता भी नजर आ रहा है। इसके बाद युवक चौकी से बाहर चले गए।

### जांच अधिकारी बोले-कार पलवल जिले में रजिस्टर

सेक्टर 3 पुलिस चौकी के जांच अधिकारी ज्योति प्रकाश ने बताया कि 26 जनवरी को लेकर वह गश्त पर थे। उन्होंने युवकों को गाड़ी से नीचे उतारकर इसकी जांच की। गाड़ी से शराब की 2 खाली बोतल बरामद हुई है। इसके बाद इसे इंपाउंड कर दिया गया। कार का नंबर पलवल जिले में रजिस्टर है।

---

# डाका डालने और किसान की हत्या का आरोपी मुठभेड़ के बाद दबोचा

**सोनीपत में कुबेर उर्फ महिना ने साहिल के सीने में मारा था चाकू**

**गांव सफियाबाद-मुनीरपुर रोड पर सुबह पुलिस के साथ हुई मुठभेड़**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

गांव मल्हा माजरा में डकैती के दौरान किसान साहिल की हत्या कर इलाके में दहशत फैलाने वाले मुख्य आरोपी को आखिरकार पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 की टीम के साथ गांव सफियाबाद-मुनीरपुर रोड पर सुबह हुई मुठभेड़ में आरोपी कुबेर उर्फ महिना घायल अवस्था में पकड़ा गया। दिल्ली की जेजे कॉलोनी का रहने वाला आरोपी दिल्ली पुलिस का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस जांच में सामने आया था कि इसी आरोपी ने किसान साहिल के सीने में चाकू मारकर उसकी हत्या की थी। गांव मल्हा माजरा में साहिल की हत्या व उनके घर से हुई डकैती की वारदात में पुलिस की टीमें मुख्य आरोपी कुबेर की तलाश कर रही थी। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी कुबेर सोमवार सुबह सफियाबाद-मुनीरपुर रोड पर आने वाला है। जिस पर पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर दी। इंस्पेक्टर अजय धनखड़ की टीम ने आरोपी को घेरकर आत्मसमर्पण करने को कहा तो खुद को घिरा देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने बचाव में गोली चलाई तो आरोपी कुबेर के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस उन्हें दबोचकर नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी तमंचा व बाइक बरामद की है।



### गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम था

पुलिस ने मामले में दिल्ली के बवाना की जेजे कॉलोनी निवासी शाहनवाज उर्फ सद्दाम को सबसे पहले पकड़ा था। उसके बाद मूलरूप से गांव नाहरा हॉल डीडीए फ्लैट, नरेला के शेखर और दिल्ली की जेजे कॉलोनी निवासी शफीक को मुठभेड़ में दबोचा था। दोनों के पैर में गोली लगी थी। बाद में सेबू और शोहिल उर्फ बाउंसर पकड़े गए थे। सभी की गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम था। मामले में आरोपी कुबेर पुलिस पकड़ से बाहर चल रहा था। उस पर पुलिस की ओर से पांच हजार रुपये का इनाम रखा गया था। सोमवार सुबह उसे दबोचा गया है। आरोपी ने ही साहिल को चाकू मारा था।

---

**घायल महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया**

# नूंह में बेटे ने मां का पैर काटा, दूसरे व्यक्ति से शादी करने से था नाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नूंह

नूंह जिले के पिनगवां थाना अंतर्गत भाट कॉलोनी वार्ड नंबर 2 में वहीदन नाम की महिला के पैर काटने का मामला सामने आया है। जैसे ही इस मामले की सुचना पुलिस को मिली तो तुरंत मौके पर डीएसपी जितेंद्र सिंह राणा व पिनगवां थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।

इस दौरान पुलिस ने बताया कि पिनगवां में एक महिला के साथ मारपीट कर उसके पैर काटने की जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस ने बताया कि पिनगवां पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल महिला को मांड़ी खेड़ा के सरकारी अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है।



### महिला के पांच बच्चे

पुलिस का कहना है कि महिला का नाम वहीदन है जिसकी आयु लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। जो पलवल जिला के छायसा गांव की रहने वाली थी। वहीदन के पांच बच्चे हैं। लेकिन वहीदन ने पिछले दो सप्ताह पहले एक पिनगवां निवासी व्यक्ति से अपने पहले पति और बच्चों को छोड़कर शादी कर ली और पिनगवा में रहने लगीं। पुलिस ने बताया कि जब उसके लड़के को इस बारे में पता चला तो महिला के बेटे ने पिनगवा आकर अपनी मां पर हमला करते हुए उसके पैर काट दिए। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है और महिला का उपचार करा रही है।

---

*बार प्रधान बोले-गिरफ्तारी को लेकर एसपी से मिले, पर कार्रवाई नहीं*

# सिरसा में वकील से मारपीट आज प्रदेश में हड़ताल का ऐलान

- आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

सिरसा में वकील के साथ मारपीट मामले में सिरसा बार एसोसिएशन ने आज सोमवार दोपहर को आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई है। इसे लेकर बार एसोसिएशन ने पंजाब एंड हरियाणा बार एसोसिएशन को भी वर्क सस्पेंड की मांग करते हुए लेटर लिखा है। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि कल मंगलवार को प्रदेशभर में वर्क सस्पेंड रहेगा। सिरसा बार एसोसिएशन प्रधान गंगा राम ढाका मीडिया से बोले, ये एक वकील को नहीं, बार को चोट लगी है। हमारी मांग है कि प्रमोद को अरेस्ट करके पेश किया जाए। अब हमने पंजाब एंड हरियाणा बार एसोसिएशन को लेटर लिखकर समर्थन देने की मांग की है। बाकी जिलों की बार एसोसिएशन से भी मांग की है कि एक दिन का वर्क सस्पेंड रखे। 27 जनवरी को प्रदेशभर में वर्क सस्पेंड रहेगा।



### जानिए पूरा मामला

सिरसा बार एसोसिएशन से जिला प्रधान गंगा राम ढाका ने बताया कि 17 तारीख को वकील केवल सिंह कंबोज के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इनका कोई लेन-देन का मामला था कि कोई बिल है। प्रमोद टाक ने पहले इनको दो से तीन बार फोन किया और बुलाया। वकील केवल सिंह उसके कहने पर चले गए और कहा-पैसे दे। इस पर केवल सिंह ने कहा कि पहले बिल दो, फिर पैसे लेना। प्रमोद टाक बोला-बिल घर भेज दिया। इस पर केवल सिंह ने कहा, ऐसे कैसे घर भेज दिया, गुंडागर्दी चल रही है क्या। वह गलत तरीके से बोला। इसी बात पर दोनों की आपस में कहासुनी हो गई और हाथापाई हो गई। आरोप है कि प्रमोद ने पास पड़े तेजधार हथियार से सिर पर वार कर दिया। इसके बाद दो वकीलों को बुला लिया और अस्पताल में दाखिल करवाया। पुलिस के रूक्का भिजवाया गया तो बयान लेने में भी देरी हुई। 19 तारीख को बयान लिखे गए। इसके बाद एसपी से मिले तो केस दर्ज करवा दिया। 20 तक पुलिस कार्रवाई का इंतजार किया, पर कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। 21 तारीख से वर्क सस्पेंड की ठानी, तब से वर्क सस्पेंड पर चल रहे हैं।

---

# गुरुग्राम में मदर डेयरी बूथ में घुसी ब्रेजा, कई घायल

**सेक्टर-70 में हुआ हादसा, बाल-बाल बचे कई लोग, पुलिस ने गाड़ी जब्त की, कार ड्राइवर फरार**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में सेक्टर 70 स्थित मदर डेयरी मिल्क के बूथ में एक ब्रेजा कार घुस गई। रविवार देर रात तेज रफ्तार से दौड़ रही मारुति सुजुकी ब्रेजा अचानक लोगों को टक्कर मारते हुए बूथ में घुसी। हादसे में कई लोगों को चोट आई हैं, जबकि कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार अत्यधिक तेज गति से आ रही थी और ड्राइवर अचानक नियंत्रण खो बैठा। कार ने सड़क किनारे खड़े कई लोगों को टक्कर मारी और फिर बूथ की दीवार तोड़ते हुए अंदर तक घुस गई।

### अस्पताल पहुंचाया

स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। हालांकि इस हादसे में कितने लोगों को चोट आई है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

### पुलिस मौके पर पहुंची

हादसे के बाद ड्राइवर ने कार से उतरकर आसपास के अंधेरे में भागने में सफलता पा ली। कुछ लोगों का दावा है कि ड्राइवर नशे की हालत में था, हालांकि पुलिस ने इसकी अभी पुष्टि नहीं की है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

### कार मालिक की तलाश जारी

पुलिस ने कार को बूथ से बाहर निकाला और कब्जे में ले लिया। कार दिल्ली में रजिस्टर्ड है और रजिस्ट्रेशन नंबर से मालिक की तलाश की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों से बात कर रही है।

---

## पीडब्ल्यूएलः हरियाणा थंडर्स की दमदार जीत, अंक तालिका में टॉप पर पहुंचे

**झज्जर।** हरियाणा थंडर्स ने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 11 में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स को 6–3 से हराकर शानदार और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया। यह मुकाबला रविवार रात नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेला गया। मैच से पहले चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद हरियाणा ने इस जीत के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया, जबकि अमन सहरावत की मुंबई टीम इस सीजन में अब तक जीत दर्ज नहीं कर सकी है। पीडब्ल्यूएल में हरियाणा के रेसलर्स की बदौलत टीमों के बीच हार जीत का फैसला हो रहा है। ओलिंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत ने अपने सभी 4 बाउट जीते हैं, लेकिन उनकी जीत अपनी टीम मुंबई की हार को नहीं बचा पाए हैं। हाल में मुंबई की टीम 4 मैचों में से एक भी नहीं जीत पाई है। हरियाणा का दबदबा खासतौर पर महिला पहलवानों के प्रदर्शन से साफ नजर आया। महिला वर्ग के चारों मुकाबले हरियाणा ने फॉल या तकनीकी श्रेष्ठता से जीते, जबकि पांचवां मुकाबला भी बिना कोई अंक गंवाए अपने नाम किया।

**अमन की जीत टीम की हार नहीं बचा पाए**

---

*नशे में पत्नी-बेटे को घर से निकाला*

# हांसी में पांच बच्चों के पिता ने किया सुसाइड

**हांसी।** हरियाणा के हांसी शहर की पीर बाबा कॉलोनी में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बिहार के समस्तीपुर जिले के निवासी अमीउदीन अनवर के रूप में हुई है, जो दिल्ली में ड्राइवर का काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वह पांच बच्चों का पिता था।

**शराब के नशे में हुआ झगड़ाः** मृतक की पत्नी रामूति खातून ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम अमीउदीन शराब के नशे में घर लौटा और किसी बात पर झगड़ा शुरू कर दिया। झगड़े के दौरान उसने कथित तौर पर पत्नी और एक बेटे को घर से बाहर निकाल दिया और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया।

### सुबह खुला हादसे का राज

पत्नी और बेटा रातभर बाहर ही रहे, यह सोचकर कि वह नशे में सो गया होगा। सोमवार सुबह जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला, तो उन्हें शक हुआ। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खुलवाया गया, तो अंदर अमीउदीन अपने गमछे से फंदा बनाकर फांसी पर लटका मिला।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हांसी के सामान्य अस्पताल के शवगृह में रखवाया और परिजनों के बयान दर्ज कर इत्तफाकिया कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

*गंभीर लापरवाही, एक के बाद एक कई कारें गुजरी*

# तेज रफ्तार कार पर स्टंट, गाड़ियों की छत और खिड़कियों में निकले युवक

**बल्लभगढ़।** फरीदाबाद शहर में एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। सेक्टर 88–89 डिवाइडिंग रोड पर युवाओं द्वारा खतरनाक स्टंट और हुड़दंगबाज़ी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो बीते शनिवार का बताया जा रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक कई कारों में सवार होकर खुलेआम ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार करीब सात से आठ कारों का एक काफिला सड़क पर तेज रफ्तार में चलता नजर आया। इन कारों के सनरूफ और खिड़कियों पर युवक बैठे हुए थे और चलती गाड़ियों में स्टंट करते हुए हुड़दंग मचा रहे थे। इस दौरान न केवल उनकी जान जोखिम में थी, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई।

### तेज आवाज में गाने व पुलिस सायरन बजाए

वीडियो में तेज आवाज में गाने बजते हुए सुने जा सकते हैं। इतना ही नहीं, कुछ गाड़ियों में पुलिस सायरन जैसी आवाज भी बजाई जा रही थी, जिससे सड़क पर भ्रम और अफरा-तफरी की स्थिति बन सकती थी। स्टंटबाजों की यह हरकतें कानून व्यवस्था और यातायात नियमों पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

---

**अध्ययन में दावा, 44% खिलाड़ियों को आ रही परेशानी**

*84 प्रतिशत खिलाड़ियों ने नहीं करवाया विटामिन डी का टेस्ट*

# प्रदेश के खिलाड़ियों में विटामिन डी की कमी, हड्डियां हो रही कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

एक ओर जहां प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी सेहत को लेकर एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक के स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग द्वारा किए गए एक अध्ययन में दावा किया गया है कि प्रदेश के लगभग 44 प्रतिशत खिलाड़ी विटामिन डी की कमी से जूझ रहे हैं, जिससे उनकी हड्डियां कमजोर हो रही हैं और भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ रहा है।




### जरूरी पोषक तत्व की कमी

अध्ययन के अनुसार, विटामिन डी की कमी से प्रभावित खिलाड़ियों में से 89 प्रतिशत खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास करने वाले हैं। इसके बावजूद उनमें इस जरूरी पोषक तत्व की कमी पाई गई। रिसर्च में यह भी सामने आया कि केवल 18 प्रतिशत खिलाड़ी प्रतिदिन एक घंटे और मात्र 13 प्रतिशत खिलाड़ी दो घंटे धूप सेंकते हैं, जबकि विटामिन डी की प्राकृतिक पूर्ति के लिए धूप सबसे अहम स्रोत मानी जाती है।

### ये दिखते हैं लक्षण

विटामिन डी की कमी के लक्षणों में हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन, अत्यधिक थकान, इम्युनिटी का कमजोर होना शामिल है। इम्युनिटी कमजोर होने पर गले में संक्रमण, दस्त और खेल अभ्यास में कमी जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं, जिसका सीधा असर खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पड़ता है। कुछ मामलों में हृदय और फेफड़ों से जुड़ी दिक्कतें भी सामने आ सकती हैं।

### यह बोले डॉक्टर रोहिला

स्पोर्ट्स मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश रोहिला ने बताया कि यह रिसर्च पानीपत, झज्जर, रोहतक, हिसार सहित कई जिलों के खेल परिसरों में की गई। इस दौरान कुल 400 खिलाड़ियों की जांच की गई और उनसे स्वास्थ्य से जुड़े प्रश्न पूछे गए। अध्ययन में शामिल खिलाड़ियों में से 75 प्रतिशत की उम्र 16 से 21 वर्ष के बीच पाई गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इनमें से 84 प्रतिशत खिलाड़ियों ने कभी विटामिन डी की जांच ही नहीं करवाई थी।

### क्या कहती है रिसर्च

रिसर्च में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को शामिल किया गया, जिनमें बॉक्सिंग के 30 प्रतिशत, हॉकी के 22 प्रतिशत, कुश्ती के 19 प्रतिशत और एथलेटिक्स के 12 प्रतिशत खिलाड़ी शामिल थे। इस शोध टीम में बायोकेमेस्ट्री विभाग से डॉ. मंजु कुमावत, स्पोर्ट्स साइकोलोजिस्ट डॉ. मनदीप और स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्या भी शामिल रहीं। डॉ. रोहिला के अनुसार, शरीर में विटामिन डी की कमी होने पर कैल्शियम और फास्फोरस का सही अवशोषण नहीं हो पाता, जिससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। बच्चों में इससे रिकेट्स और वयस्कों में ओस्टियोमलेशिया जैसी बीमारियां हो सकती हैं। ओस्टियोमलेशिया में हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, जिससे उनके टूटने का खतरा बढ़ जाता है।

### क्या करें खिलाड़ी

विशेषज्ञों के अनुसार, विटामिन डी की पूर्ति के लिए खिलाड़ियों को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट धूप में रहना चाहिए। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच की धूप सबसे अधिक लाभदायक मानी जाती है। इसके अलावा मछली, अंडा, मशरूम और फोर्टीफाइड दूध उत्पादों को आहार में शामिल कर भी विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने खिलाड़ियों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की भी सलाह दी है, ताकि समय रहते इस कमी को दूर किया जा सके।

**खबर संक्षेप**

### इंडिगो ने 16 एयरपोर्ट्स पर 717 फ्लाइट स्लॉट्स छोड़े

**नई दिल्ली।** कल की बड़ी खबर इंडिगो से जुड़ी रही। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने भारत के अलग-अलग डोमेस्टिक एयरपोर्ट्स पर अपने 717 स्लॉट्स सरेंडर कर दिए हैं। वहीं देश की सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट का वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 26.8% बढ़कर 1,729.44 करोड़ रुपए रहा।

### अदाणी विदेशी कंपनी के साथ विमान बनाएंगे

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह और ब्राजील की प्रमुख एयरोस्पेस कंपनी एम्ब्रेयर अगले सप्ताह भारत में नागरिक विमानों के लिए एक 'फाइनल असेंबली लाइन' (विमानों को जोड़ने और तैयार करने की इकाई) स्थापित करने की योजना की घोषणा करेंगे। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। एयरलाइंस द्वारा बेड़े का विस्तार करने और नए हवाई अड्डों के निर्माण के कारण हवाई यातायात की मांग लगातार बढ़ रही है।

## रूस से कच्चे तेल की खरीदारी के लिए लगाया 25% टैरिफ


# ट्रंप के टैरिफ से भारत का एक्सपोर्ट प्रभावित, कई सेक्टर पर पड़ा असर

एजेंसी ⏭ नई दिल्लीः

अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ लगाया है। इसमें 25% रूस से कच्चे तेल की खरीदारी के लिए लगाया गया है। इससे भारत का एक्सपोर्ट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सबसे ज्यादा मार रत्न एवं आभूषण सेक्टर पर पड़ी है। साथ ही कई दूसरे सेक्टर्स का एक्सपोर्ट भी प्रभावित हुआ है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है लेकिन दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर बातचीत भी फिलहाल अटकी हुई है। जानिए किस सेक्टर को कितना नुकसान हुआ है।

मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मुताबिक नवंबर, 2024 से नंवबर, 2025 के बीच अमेरिका को पर्ल्स, गोल्ड सिल्वर, जेम्स, जूलरी और कॉइन्स के एक्सपोर्ट में 161 मिलियन डॉलर की गिरावट आई है। इसी तरह आयरन एंड स्टील का एक्सपोर्ट इस दौरान 44 मिलियन डॉलर गिर गया है। फिश और अन्य सीफूड में एक साल के दौरान 35 फीसदी गिरावट आई है।

अमेरिका को एक्सपोर्ट इसी तरह प्लास्टिक के उत्पादों का एक्सपोर्ट नवंबर, 2024 से नवंबर 2025 के बीच 27 मिलियन डॉलर कम हुआ है। इस दौरान बिल्डिंग मटीरियल्स के एक्सपोर्ट में 23 मिलियन डॉलर की कमी आई है जबकि नेचुरल गम और प्लांट एक्सट्रैक्ट्स का एक्सपोर्ट 18 मिलियन डॉलर गिर गया है। इंडस्ट्रियल टेक्सटाइल्स और ट्रीटेड फैबरिक्स का एक्सपोर्ट भी 13 मिलियन डॉलर कम हुआ है।



**अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील पर बातचीत फिलहाल रुकी हुई है। अमेरिका ने भारतीय सामान पर सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इसमें 25 फीसदी का टैरिफ रूस से कच्चे तेल का आयात करने के लिए लगाया गया है। जानिए इससे किस सेक्टर पर सबसे ज्यादा मार पड़ी है?**

### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा से पहले सिएटल में बैठक

**सिएटल/न्यूयार्क।** वाशिंगटन राज्य से अब तक के सबसे बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा से पहले, सिएटल में आयोजित एक कारोबारी बैठक में एआई, कृषि प्रौद्योगिकी, क्वांटम और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर जोर दिया गया। यह व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भारत और अमेरिकी प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के बीच आर्थिक संबंधों को गहरा करने के प्रयासों के तहत इसी सप्ताह भारत का दौरा करेगा। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मोंटाना वर्ल्ड अफेयर्स काउंसिल और प्रौद्योगिकी कंपनी जोहो के साथ साझेदारी में शनिवार को बेल हार्बर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में 'इन्वेस्ट इंडिया बिजनेस फोरम' के दूसरे संस्करण की मेजबानी की। इस मंच में सिएटल क्षेत्र की कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सिएटल दूतावास ने कहा, ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), फोटोनिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, कृषि-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उच्च शिक्षा के प्रमुख उद्योग विशेषज्ञों ने भारत में इन क्षेत्रों में निवेश के अवसरों और संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

## इस सप्ताह भी रहेगा उतार-चढ़ाव अच्छे पोर्टफोलियो में करें निवेश

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश के मौके पर आज भारतीय शेयर बाजार में कोई कामकाज नहीं हुआ।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज दोनों ही पूरे दिन के लिए बंद रहेंगे। इक्विटी सेगमेंट के साथ-साथ डेरिवेटिव और एसएलबी सेगमेंट में भी छुट्टी रहेगी। अब बाजार मंगलवार 27 जनवरी को खुलेगा। शेयर बाजार के साथ-साथ देश का सबसे बड़ा कमोडिटी एक्सचेंज भी बंद रहा। सुबह और शाम, दोनों ही सत्रों (मॉर्निंग और इवनिंग सेशन) में ट्रेडिंग नहीं होगी। आमतौर पर कुछ छुट्टियों पर शाम का सत्र खुला रहता है, लेकिन गणतंत्र दिवस के मौके पर पूरे दिन के लिए ट्रेडिंग स्थगित रखी गई है। करेंसी और डेट मार्केट में भी कारोबार नहीं हुआ। करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट और इलेक्ट्रॉनिक डेट प्रॉमिसरी नोट्स (EDP) मार्केट में भी आज कोई हलचल नहीं होगी। आरबीआई के कैलेंडर के मुताबिक, बैंकिंग सेक्टर में भी नेशनल हॉलिडे है, जिसके कारण इंटरबैंक कॉल मनी मार्केट और फॉरेक्स मार्केट में भी कामकाज



**मंगलवार को बाजार की नजर इन फैक्टर्स पर रहेगी**

जब मंगलवार को बाजार खुलेगा, तो निवेशकों की नजर रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडाणी ग्रुप के शेयरों और हाल ही में आए तिमाही नतीजों पर रहेगी। इसके अलावा ग्लोबल मार्केट के संकेत और क्रूड ऑयल की कीमतें भी बाजार की दिशा तय करेंगी। बजट सत्र के नजदीक होने के कारण भी बाजार में अगले हफ्ते उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। इससे पहले शेयर मार्केट में शुक्रवार यानी 23 जनवरी को गिरावट रही थी।

बंद रहेगा। गणतंत्र दिवस साल की पहली बड़ी छुट्टी है। इसके बाद आने वाले महीनों में होली (03 मार्च) और गुड फ्राइडे (3 अप्रैल) जैसे मौकों पर भी शेयर बाजार में ट्रेडिंग बंद रहेगी। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने पोर्टफोलियो और पेंडिंग ऑर्डर्स को इन छुट्टियों के कैलेंडर के हिसाब से ही मैनेज करें।

## छोटी कारों की मांग में तेजी बनी रहेगी या नहीं, यह कहना अभी जल्दबाजी : एमडी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपभोक्ताओं का झुकाव अभी भी मुख्य रूप से एसयूवी खरीदने की ओर है और यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि जीएसटी कटौती के बाद छोटी कारों की मांग में जो तेजी देखी गई है, वह आगे भी बरकरार रहेगी या नहीं।

टायर निर्माता कंपनी सिएट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्नब बनर्जी ने यह बात कही। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में बताया कि हालांकि जीएसटी कटौती ने बाजार को एक गति दी है, लेकिन कंपनी चालू वित्त वर्ष के लिए दहाई अंकों की वृद्धि के अपने पुराने अनुमान पर ही कायम है। कंपनी विशेष रूप से कृषि और दोपहिया टायरों के लिए




ग्रामीण बाजारों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यात्री कार खंड में जीएसटी कटौती के प्रभाव और छोटी कारों की मांग जारी रहने के सवाल पर बनर्जी ने कहा कि अभी इस बारे में कुछ भी कहना समय से पहले होगा क्योंकि कुल मिलाकर ग्राहकों का रुझान अभी भी एसयूवी की तरफ बना हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में यात्री कार श्रेणी में एसयूवी की बिक्री सबसे आगे रही है, जबकि किफायती न होने के कारण छोटी कारों की बिक्री में गिरावट देखी गई थी। साल 2025 में भी भारत में बिकने वाले कुल यात्री वाहनों में एसयूवी की हिस्सेदारी 2024 के 53.8 प्रतिशत से बढ़कर 55.8 प्रतिशत हो गई, हालांकि जीएसटी कटौती के बाद छोटी कारों में भी सुधार के कुछ संकेत दिखे हैं। बनर्जी ने कहा कि हमें अभी एक और तिमाही तक इंतजार करना होगा ताकि यह देखा जा सके कि वाहन निर्माता जिस ढांचागत बदलाव को महसूस कर रहे हैं, क्या वह पूरी तरह से बदल जाएगा। अगर ऐसा होता है, तो छोटे आकार के टायरों की मांग फिर से बढ़ेगी।

उन्होंने आगे कहा कि पुराने टायरों को बदलकर नया टायर लगाने वाले बाजार में ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच होने के कारण कंपनी को लाभ होगा। आने वाली तिमाही में गर्मियों का सत्र शुरू हो जाएगा और मार्च से जून का समय आमतौर पर कंपनी के लिए बेहतर कारोबार वाला होता है।

### अमेरिका से अफ्रीका तक भारतीय बाइक्स की धूम

**नई दिल्ली।** साल 2025 भारतीय मोटरसाइकिलों के लिए बहुत अच्छा रहा। भारत से मोटरसाइकिलों का निर्यात पिछले साल के मुकाबले 27% बढ़कर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। 2025 में कुल 43 लाख मोटरसाइकिलों का निर्यात हुआ, जो महामारी के बाद सबसे ज्यादा है। साल 2025 में, कुल मोटरसाइकिल निर्यात में बजाज ऑटो का हिस्सा 43% और टीवीएस मोटर का हिस्सा 29% रहा। यानी, इन दोनों कंपनियों ने मिलकर करीब 72% निर्यात किया। बजाज की मोटरसाइकिलों का निर्यात 2024 में 16 लाख यूनिट से बढ़कर 2025 में 19 लाख यूनिट हो गया।




## बॉट्स और एआई से की 734 करोड़ रुपये की हेराफेरी!

- ऑनलाइन गेमिंग ऐप विंजो पर ईडी का शिकंजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑनलाइन गेमिंग ऐप विंजो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उसने विंजो और इसके प्रमोटर्स के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा गेम के एल्गोरिदम में हेरफेर करने के लिए 'बॉट्स' और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल किए जाने के कारण यूजर्स ने 734 करोड़ रुपये गंवा दिए। आधिकारिक बयान के अनुसार, ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने 23 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई के लिए निर्दिष्ट स्थानीय अदालत में शिकायत दायर की। विंजो प्राइवेट लिमिटेड




**कैसे की हेराफेरी?**

केंद्र सरकार ने अगस्त 2025 में भारत में रियल मनी गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया। केंद्रीय एजेंसी ने कहा, 'रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) सेवाएं प्रदान करने के लिए, कंपनी उपयोगकर्ताओं से सट्टेबाजी की राशि का एक निश्चित प्रतिशत कमीशन के रूप में वसूलती थी। कंपनी ने अपने उपयोगकर्ताओं को यह भी आश्वासन दिया था कि उसका गेमिंग प्लेटफॉर्म किसी भी बॉट (कंप्यूटर-नियंत्रित पात्र) से मुक्त है, पारदर्शी और सुरक्षित है।'

कंपनी, इसके निदेशक - पवन नंदा और सौम्या सिंह राठौर - तथा इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां, जिनमें विदेश स्थित कंपनियां भी शामिल हैं, जैसे विनजो यूएस इंक, विनजो एसजी प्राइवेट लिमिटेड और जेडओ प्राइवेट लिमिटेड, को आरोपपत्र में आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। ईडी ने बताया कि विनजो अपने मोबाइल ऐप्लिकेशन के माध्यम से 100 से अधिक गेम संचालित करता था और दावा किया जाता था कि इसके लगभग 25 करोड़ उपयोगकर्ता थे, जिनमें से अधिकतर छोटे शहरों से थे। हालांकि, कंपनी का दावा है कि जांच में पाया गया कि अधिकांश आरएमजी (रिमोट मैनेजमेंट सिस्टम) में हेरफेर किया गया था। गेम कोडबेस, थर्ड-पार्टी डेवलपर समझौतों और आंतरिक संचार के विश्लेषण से पता चलता है कि दिसंबर 2023 तक, आरएमजी में बॉट्स, एआई और एल्गोरिदम प्रोफाइल 'एम्बेडेड' किए गए थे। आरोपपत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि कंपनी द्वारा अपराध से अर्जित रकम को अमेरिका और सिंगापुर में बनाई गई फर्जी कंपनियों के माध्यम से धनशोधन किया गया था। ईडी ने पिछले साल विनजो और इसके प्रमोटर्स के परिसरों पर छापेमारी की थी और नंदा और राठौर को गिरफ्तार किया था। राठौर फिलहाल जमानत पर है।

## डबल पेनल्टी खत्म करने जैसे प्रस्तावों पर नजर

- पति-पत्नी को संयुक्त टैक्स रिटर्न का विकल्प देने पर विचार संभव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम बजट में मध्यम वर्ग और टैक्स पेयर्स को राहत मिलने की उम्मीद है। पति-पत्नी को संयुक्त रूप से इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने का विकल्प देने पर विचार हो सकता है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया ने सुझाव दिया है कि शादीशुदा जोड़ों को अलग-अलग रिटर्न के बजाय एक रिटर्न की सुविधा मिले, जिसमें टैक्स स्लैब और छूट संयुक्त रूप से लागू हों। हालांकि यदि पति-पत्नी दोनों वर्किंग है तो अलग-अलग रिटर्न फाइल करने का विकल्प भी होगा। संयुक्त रिटर्न फाइल करने पर वे तब विचार कर सकते हैं जब उन्हें इसका फायदा मिल रहा हो। सुझाव के पीछे




**एलपीजी के मर्जर-डिमर्जर पर टैक्स राहत संभव**

कारोबार को आसान बनाने की दिशा में सरकार लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप के पुनर्गठन पर टैक्स न लगाने पर भी विचार कर सकती है। कंपनियों की तरह एलपीजी के मर्जर या डिमर्जर को टैक्स न्यूट्रल बनाने से स्टार्टअप्स और छोटे कारोबार को फायदा मिलने की उम्मीद है।

तर्क यह है कि भारत में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जहां आय का मुख्य स्रोत केवल एक व्यक्ति है। मौजूदा व्यक्तिगत टैक्स स्लैब के चलते इन परिवारों को सीमित छूट का ही फायदा मिल पाता है। संयुक्त टैक्स सिस्टम लागू होने से पति-पत्नी की आय जोड़कर टैक्स गणना हो सकेगी, जिससे टैक्स स्लैब और छूट बढ़ सकती है। अमेरिका जैसे देशों में यह व्यवस्था पहले से लागू है। इसके साथ ही बजट में आयकर कानून के तहत कुछ मामलों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का प्रस्ताव आ सकता है। सुझाव है कि टैक्स पेयर्स चार्टर की भावना के अनुरूप टैक्स-पेयर को ईमानदार माना जाए और आपराधिक कार्रवाई केवल उन्हीं मामलों में हो, जहां आय छिपाने, गलत रिपोर्टिंग या जानबूझकर नाजायज फायदा लेने के स्पष्ट सबूत हों। जन विश्वास एक्ट के तहत पहले ही कुछ मामलों में आपराधिक धाराएं हटाई जा चुकी हैं। ओल्ड टैक्स रिजीम तुरंत खत्म होने की संभावना कम है, लेकिन सरकार लॉन्ग टर्म फेज आउट को लेकर संकेत दे सकती है। बजट में सनसेट क्लॉज जैसी व्यवस्था का इशारा मिल सकता है। इसके साथ ही न्यू टैक्स रिजीम को और आकर्षक बनाने पर जोर रह सकता है। एक गलती पर दो-दो जुर्माना लगाने की व्यवस्था खत्म करने का संकेत भी है। फिलहाल गलत रिपोर्टिंग या गलत एंट्री पर अलग-अलग धाराओं में 200 प्रतिशत तक टैक्स पेनल्टी लग जाती है। सुझाव है कि पेनल्टी को गलती की गंभीरता के अनुसार तर्कसंगत बनाया जाए। आगे ऐसे मामलों में राहत मिल सकती है, जहां टैक्स कटा लेकिन समय पर जमा नहीं हो पाया।

### मेनबोर्ड से शैडोफैक्स की 28 जनवरी को लिस्टिंग होगी

**मुंबई।** शेयर बाजार में इस हफ्ते प्राइमरी मार्केट काफी व्यस्त रहने वाला है। निवेशकों के पास एक साथ कई कंपनियों के शेयरों में पैसा लगाने का मौका होगा।

इस हफ्ते एसएमई सेगमेंट में 5 नए आईपीओ कुल 226 करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाने वाले हैं। साथ ही 5 कंपनियां लिस्ट होने वाली हैं, जिनमें सिर्फ शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज मेनबोर्ड से है। बाजार में हल्की तेजी की उम्मीद है, लेकिन ग्रे मार्केट में शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज को कोई प्रीमियम नहीं मिल रहा। पिछले कुछ समय से आईपीओ मार्केट में दिख रही तेजी इस हफ्ते भी जारी रहने की उम्मीद है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि लिक्विडिटी और निवेशकों के उत्साह के चलते इन इश्यूज को अच्छा रिस्पॉन्स मिल सकता है। स्टील फाइबर प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी कस्तूरी मेटल कम्पोजिट का आईपीओ 27 को खुलेगा।

## अब आधार में फिंगरप्रिंट की जगह चेहरे से होगी पहचान

- हर महीने 100 करोड़ ऑथेंटिकेशन का टारगेट
- एआई और क्वांटम तकनीक से सुरक्षा बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने आधार के तकनीकी ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है। 'आधार विजन 2032' दस्तावेज तैयार हो गया है। इसमें एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी तकनीकों को अपनाने की सिफारिश की गई है। मकसद आधार को तेज, सुरक्षित और फ्रॉड-फ्री बनाना है। नई व्यवस्था में फिंगरप्रिंट की जगह फेशियल रिकग्निशन प्राथमिक माध्यम होगा। आधार के सीईओ भुवनेश कुमार ने कहा कि विजन 2032 का लक्ष्य है, लेकिन तैयारी उससे आगे की तकनीक को ध्यान में रखकर हो रही है। एआई



और क्वांटम कंप्यूटिंग से तकनीकी परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।

**तीन प्रमुख बदलाव :** रोज लगभग 9 करोड़ आधार ऑथेंटिकेशन होते हैं। इसमें करीब 1 करोड़ फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए होते हैं। सरकार का लक्ष्य हर महीने 100 करोड़ ऑथेंटिकेशन फेस रिकग्निशन से करना है। एआई सिस्टम से समय-समय पर फेशियल रिकग्निशन अपडेट होगा और बार-बार बायोमैट्रिक देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार दिसंबर तक 5 करोड़ बच्चों और किशोरों का बायोमैट्रिक अपडेट कर चुकी है।

### भारत और ईयू में ट्रेड डील पर बैठक आज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार यूरोपियन यूनियन (ईयू) के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) का ऐलान मंगलवार को भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए ईयू के शीर्ष नेता दिल्ली में हैं। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के लिए फायदेमंद फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे दोनों पक्षों के बिजनेस और लोगों की तरक्की होगी। सूत्रों के मुताबिक, इस समझौते से कृषि, डेयरी और पर्यावरण से जुड़े कुछ मुद्दों को अलग रखा गया है। गणतंत्र दिवस समारोह और इंडिया-ईयू समिट के लिए यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। काउंसिल ने कहा, 'मंगलवार को इंडिया-ईयू समिट के लिए प्रेजिडेंट कोस्टा नई दिल्ली पहुंचे।

## बजट 2026-27: सीमा शुल्क में बदलाव, विशेष रियायतों की उम्मीद

# टीडीएस सरलीकरण प्रमुख उम्मीदों में शामिल

- वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी को नौवां बजट पेश करेंगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में लगातार अपना नौवां बजट पेश करेंगी। इस बार बजट से उम्मीद की जा रही है कि वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सीमा शुल्क ढांचे में जीएसटी की तर्ज पर बड़े बदलाव और कई अन्य सुधार देखने को मिल सकते हैं।

बजट में कर्ज और जीडीपी के अनुपात को कम करने पर भी ध्यान दिया जा सकता है, क्योंकि अब भारत का राजकोषीय प्रबंधन केवल



घाटे को संभालने के बजाय कर्ज के बोझ को कम करने की दिशा में बढ़ रहा है। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए, जिन्हें पिछले साल 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट और बाद में जीएसटी दरों में कटौती से बड़ी राहत मिली थी, इस बार मानक कटौती यानी स्टैंडर्ड डिडक्शन में और बढ़ोतरी की उम्मीद है। उद्योग जगत को उम्मीद है कि एक अप्रैल से लागू होने वाले नए और सरल आयकर अधिनियम 2025 के बारे में बजट में स्पष्ट नियम और दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे। नई कर व्यवस्था को आकर्षक बनाने के लिए कुछ नए प्रोत्साहन दिए जा सकते हैं, ताकि अधिक लोग पुरानी व्यवस्था को छोड़कर नई व्यवस्था को अपनाएं। इसके साथ ही टीडीएस की विभिन्न श्रेणियों और दरों को कम करके उन्हें और सरल बनाया जा सकता है। सीमा शुल्क व्यवस्था में सुधार के तहत दरों को कम करने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर जोर दिया जा सकता है। साथ ही विवादों में फंसे लगभग 1.53 लाख करोड़ रुपये को सुलझाने के लिए एक माफी योजना भी लाई जा सकती है। रक्षा क्षेत्र के लिए बजट आवंटन बढ़ने की संभावना है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 'विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन' के तहत केंद्र और राज्यों की भागीदारी वाली एक नई योजना के लिए भी बजट का प्रावधान किया जा सकता है।

**8वें वेतन आयोग की घोषणा की उम्मीद**

*सरकारी कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग की घोषणा की उम्मीद है, जिसे एक जनवरी 2026 से लागू किया जा सकता है। राज्यों को मिलने वाले करों के हिस्से में भी 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार बढ़ोतरी हो सकती है। एमएसएमई क्षेत्र और रत्न-आभूषण तथा चमड़ा जैसे उद्योगों के लिए विशेष रियायतों की उम्मीद है। इसके अलावा लिथियम और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और प्रसंस्करण के लिए भी बजट में फंड दिया जा सकता है।*

### बेहद सस्ती होने वाली है मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू!

**नई दिल्ली।** फॉक्सवैगन, मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू जैसी कारों की कीमत में आने वाले दिनों में कमी हो सकती है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत यूरोपीय संघ (EU) से आने वाली कारों पर लगने वाले टैक्स को काफी कम करने की योजना बना रहा है। अभी यह टैक्स 110% तक है, जिसे घटाकर 40% किया जा सकता है। यह भारत के बड़े कार बाजार को खोलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सूत्रों के मुताबिक भारत और यूरोपीय संघ के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की घोषणा मंगलवार को हो सकती है।

मोदी सरकार ने यूरोपीय संघ के 27 देशों से आने वाली कुछ खास कारों पर तुरंत टैरिफ कम करने पर सहमति जताई है। इनमें वे कारें होंगी जिनकी कीमत 15,000 यूरो से ज्यादा है। दो सूत्रों ने रॉयटर्स को यह जानकारी दी है। समय के साथ यह टैक्स और कम होकर 10% तक घट जाएगा।

## भारत-चीन ने सोने की खरीद बढ़ा निकाला डॉलर का दिवाला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत के लिए बड़ा अहम बदलाव आया है। अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड में भारत की हिस्सेदारी घटकर पिछले पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। इस गिरावट का कारण आवश्यकता और रणनीतिक दोनों है।

रुपये का अवमूल्यन हुआ है, जिसके चलते पिछले वर्ष भारत का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। दूसरा कारण विदेशी मुद्रा भंडार की संरचना में रणनीतिक बदलाव करना और अमेरिकी परिसंपत्तियों पर निर्भरता कम करना है।

**अमेरिकी बॉन्ड बाजार पर निर्भरता घटी**

वास्तव में, दुनिया भर की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं विश्व के सबसे बड़े



अमेरिकी बॉन्ड बाजार पर अपनी निर्भरता कम कर रही हैं। पिछले सप्ताह जारी अमेरिकी सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत के दीर्घकालिक अमेरिकी ऋण घटकर लगभग 174 अरब डॉलर रह गए हैं। यह 2023 में दर्ज किए गए उच्चतम स्तर से 26% की भारी गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, ट्रेजरी बॉन्ड अब देश के विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग एक तिहाई हिस्सा हैं, जो एक साल पहले लगभग 40% थे।

खबर संक्षेप

## राजस्थानः हादसों में छह लोगों की चली गई जान

**जयपुर(भाषा)।** राजस्थान में दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इसके अनुसार, बालोतरा जिले में भारतमाला एक्सप्रेसवे पर मिनी ट्रक ने पहले बोलेरो कैंपर वाहन को टक्कर मारी और फिर पैदल चल रहे लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक डेरावर सिंह ने बताया कि यह हादसा रविवार रात सिवाना थाने के आसोतरा-मूठली गांव के पास हुआ। उन्होंने बताया कि जालोर जिले के बागोड़ा इलाके के सात तीर्थयात्रियों का समूह जसोल में रानी भटियानी माता मंदिर की पैदल यात्रा पर जा रहा था। हादसे में जालोर जिले के बागोड़ा के रहने वाले सिकाराम (35), जालाराम (34) और महेशाराम (30) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

## नवी मुंबई में बिना मंजूरी के संचालित पांच स्कूलों के प्रबंधन पर केस दर्ज

**ठाणे (भाषा)।** नवी मुंबई पुलिस ने अनिवार्य सरकारी मंजूरी के बिना संचालित पनवेल क्षेत्र के पांच निजी स्कूलों के प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की शिकायत के आधार पर यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 318(4)(धोखाधड़ी) के तहत दर्ज किया गया। कई स्कूल बिना कानूनी मान्यता प्राप्त किए और अभिभावकों को यूडीआईएसई नंबर नहीं होने के बारे में सूचित किए बगैर संचालित किए जा रहे थे। करांजा में एस.जी.टी. इंटरनेशनल स्कूल, करांजड़े में वेदिक इंटरनेशनल स्कूल और वेद पनिक स्कूल, वाघोली में बुचिष्टा इंटरनेशनल स्कूल (प्राथमिक) और श्री बुद्धष्टा इंटरनेशनल स्कूल बिना मंजूरी के संचालित किए जा रहे थे।

## पद्म श्री पुरस्कार नहीं जिम्मेदारीः आर माधवन

**नई दिल्ली (भाषा)।** साल 2026 में पद्म पुरस्कारों के लिए चुने गए 131 लोगों में शामिल अभिनेता आर. माधवन ने कहा कि यह उनके लिए सिर्फ एक पुरस्कार नहीं बल्कि जिम्मेदारी है और वह इस सम्मान को "गरिमा, ईमानदारी और गहरी प्रतिबद्धता" के साथ रखेंगे। माधवन को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित करने का ऐलान किया गया है। उन्होंने एक बयान में कहा, "मैं पद्म श्री को गहरी कृतज्ञता और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूँ। यह सम्मान मेरे सबसे ऊंचे ख्वाबों से भी ऊपर है, और मैं इसे अपनी पूरी परिवार की ओर से स्वीकार करता हूँ, जिनका निरंतर समर्थन और विश्वास मेरी सबसे बड़ी ताकत रहा है।" "रंग दे बसंती" के अभिनेता ने अपने परिवार, मार्गदर्शकों और प्रशंसकों का भी धन्यवाद किया। यह सम्मान केवल मेरे मार्गदर्शकों के आशीर्वाद, शुभचिंतकों की शुभकामनाओं और जनता के प्यार और प्रोत्साहन के कारण मिला है। प्रत्येक ने मेरी यात्रा को आकार देने और इस क्षण तक मार्गदर्शन देने में अमूल्य भूमिका निभाई है।

# उत्तर भारत के हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी, मैदानी इलाकों में ठिठुरन, 7 राज्यों में बारिश, हिमाचल में तूफान का अलर्ट

एजेंसी ⏭ शिमला/श्रीनगर/नई दिल्ली

उत्तर भारत के हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी जारी है। इसके कारण मैदानी इलाकों में ठिठुरन फिर से बढ़ गई है। रविवार को राजस्थान के फतेहपुर, नागौर और माउंट आबू में पारा माइनस में चला गया। नागौर में पारा सबसे कम, -1.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दिनभर धूप नहीं खिली। शिवपुरी में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के साथ सबसे सर्द और राजगढ़ में 6.5 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सोमवार से हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उप्र और बिहार में मौसम करवट लेगा। मौसम विभाग ने 27 जनवरी से इन राज्यों में बारिश और आंधी की आशंका जताई है। बारिश का दौर 29 जनवरी तक रहेगा। इधर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज बर्फबारी का अलर्ट है। हिमाचल में पिछले दिनों बर्फबारी से तीन नेशनल हाईवे सहित 835 सड़कें बंद हैं। लाहौल-स्पीति के ताबो में -10 डिग्री तापमान रहा। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में -10.2 और श्रीनगर में -1.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

**राजस्थान के 3 शहरों में माइनस में तापमान**

***केदारनाथ में दो दिनों के दौरान 4 फीट बर्फबारी हुई***




**मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह:** पंजाब और हरियाणा में सर्दी का असर बना रहा। पंजाब के फिरोजपुर में पारा 3.4 डिग्री सेल्सियस और हरियाणा के नारनौल में 2.8 डिग्री सेल्सियस रहा। आईएमडी ने 27 जनवरी से दोनों राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में सोमवार को भी गरज, बिजली और भारी बारिश की चेतावनी दी है। तटीय क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने की संभावना है। केरल में इसी तरह के हालात के मद्देनजर मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

## राजस्थान में नए विक्षोभ के असर से बारिश होने की संभावना

*जयपुर (भाषा)। राजस्थान में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोमवार से कई इलाकों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस बीच राज्य में कड़ाके की सर्दी जारी है। विभाग के अनुसार, एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 26-27 जनवरी को सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से राज्य के पश्चिमी व उत्तरी भागों में 26 जनवरी को दोपहर बाद कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि 26 जनवरी को सुबह के समय मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। वहीं 27 जनवरी को तंत्र का सर्वाधिक असर रहने तथा बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर संभाग के कुछ भागों में आकाशीय बिजली के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने व 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने व राज्य में चल रही शीतलहर में 27 जनवरी से राहत मिलने की संभावना है।*

### 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य समारोह के बीच औपचारिक परेड के दौरान प्रदान किया सम्मान

# राष्ट्रपति ने शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से नवाजा

*अशोक चक्र, भारत का सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। दुश्मन के सामने असाधारण वीरता, जोखिम मिशन, बचाव कार्य और अन्य साहसिक कार्यों के लिए सैन्य सम्मानों में से एक है।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आज अपना देश 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इसके अवसर पर कर्तव्य पथ पर परेड भी निकाली जा रही है। वहीं इस विशेष अवसर पर हमारे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कई वीरों को उनकी वीरता के लिए सम्मानित भी किया है जिसमें अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। उन्हें राष्ट्रपति ने अशोक चक्र से सम्मानित किया है। आपको बता दें कि शुभांशु शुक्ला को जिस अशोक च्रक से सम्मानित किया गया है, वो देश का सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। उन्हें असाधारण साहस के लिए यह पुरस्कार मिला है। पिछले साल जून में शुभांशु शुक्ला AXIOM-4 मिशन का हिस्सा बनाकर अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय और ISS का दौरा करने वाले पहले भारतीय बने। उनकी 18 दिन की अंतरिक्ष यात्रा कॉस्मोनॉट राकेश शर्मा के रूसी सोयुज-11 अंतरिक्ष मिशन पर उड़ान भरने के 41 साल बाद हुई।

### सरकार्यवाह महासचिव ने संघ कार्यालय में राष्ट्रध्वज फहराया

# होसबाले ने लोगों से संवैधानिक मूल्यों एवं भारत के शाश्वत आध्यात्मिक सार की रक्षा का आग्रह किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने सोमवार को कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के राष्ट्रध्वज और संवैधानिक मूल्यों के साथ-साथ देश के प्राचीन एवं शाश्वत आध्यात्मिक सार की रक्षा और संवर्धन की प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है।



होसबाले ने यहां आरएसएस कार्यालय में राष्ट्रध्वज फहराने के बाद लोगों से अपने जीवन में भारत के शाश्वत आध्यात्मिक मूल्यों को बनाए रखने, नागरिक कर्तव्यों का पालन करने और राष्ट्रीय कर्तव्य के अनुरूप आचरण करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। उन्होंने लोगों से समाज के प्रति प्रेम एवं करुणा तथा कमजोर वर्ग के लोगों के प्रति स्नेह एवं सहानुभूति विकसित करने और भारत की रक्षा के लिए उनकी सेवा में स्वयं को समर्पित करने की अपील की।



#### संघ कार्यालय 'समिधा' पर सह-सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने फहराया तिरंगा

भोपाल। देश के 77 वें स्वाधीनता दिवस के प्रसंग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने भोपाल में संघ कार्यालय 'समिधा' पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अवसर पर मध्यभारत प्रांत के संघचालक श्री अशोक पांडेय, भारतीय विचार संस्थान के अध्यक्ष सतीश पिंपलीकर और सचिव सोमकांत उमालकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर सह-सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि सबसे पहले भारत को मानो, उसको जानो, समझो और फिर भारत को बनाओ। भारत के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित 35 प्रांतों की बहनों ने गोविंद ग्राम के प्रकल्प के अनुभव सबके साथ साझा किए।

## 'सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण हेतु संकल्पित हों : योगी

**लखनऊ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए आह्वान किया कि वे संविधान के आदर्शों से प्रेरित होकर एक 'सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण हेतु संकल्पित हों। योगी आदित्यनाथ ने यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद अपने संबोधन में कहा, "भारत का संविधान व्यक्ति नहीं समष्टि के भाव को जोड़ने की प्रेरणा देता है। यदि कोई व्यक्ति कहता है कि मैं न्याय से ऊपर हूं, संविधान से ऊपर हूं, व्यवस्था से ऊपर हूं तो मुझे लगता है कि वह भारत के संविधान की अवमानना कर रहा है। आज का यह दिवस हम सबको भारत के महान संविधान के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने एवं संकल्पों को आगे बढ़ाने की नयी प्रेरणा देता है।

## विधान अधिकारों का कवच, इसकी रक्षा ही स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि : राहुल गांधी



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी और कहा कि भारतीय संविधान हर नागरिक के अधिकारों का सुरक्षा कवच है तथा इसकी रक्षा ही स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। हमारा संविधान हर भारतीय का सबसे बड़ा हथियार है - यही हमारी आवाज़ है, हमारे अधिकारों का सुरक्षा-कवच। इसी की मज़बूत नींव पर हमारा गणतंत्र खड़ा है जो समानता और सौहार्द से ही सशक्त होगा।"

# मान ने मनरेगा और लंबित ग्रामीण विकास निधि को लेकर केंद्र की आलोचना की

भाषा ⏭ होशियारपुर (पंजाब)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि इस राज्य को आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है और उन्होंने मनरेगा और लंबित ग्रामीण विकास निधि को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर यहां तिरंगा फहराने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि उनकी सरकार चंडीगढ़ को सिर्फ पंजाब की राजधानी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। वर्तमान में केंद्र शासित चंडीगढ़ पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी है। मुख्यमंत्री ने राज्य में शांति भंग करने की कोशिश करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी सरकार हर हालत में आपसी सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपनी सरकार की कई पहल का भी उल्लेख किया, जिनमें मुफ्त बिजली, युवाओं को सरकारी नौकरियां, नशे और गैंगस्टरों के खिलाफ अभियान शामिल हैं। मान ने कहा कि पंजाब देश का "अन्नदाता" कहा जाता है। उन्होंने कहा, "देश की प्रगति के लिए हमने अपने प्राकृतिक संसाधनों की कीमत चुकाई। हमारा भूजल स्तर गिरा और हमारी नदियों का पानी भी प्रदूषित हुआ।"

## वीबी-जी राम जी' में केंद्रीय कोष में कमी से खर्च में गिरावट आने की आशंकाः अभिजीत

**हैदराबाद (भाषा)।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने सोमवार को कहा कि मनरेगा की जगह लाई गई वीबी-जी राम जी योजना में केंद्र की धनराशि में कमी से पिछड़े राज्यों में खर्च घटने की आशंका है। उन्होंने हैदराबाद साहित्य महोत्सव (एचएलएफ) में कहा, "मनरेगा योजना को लेकर जो बात मुझे चिंतित करती है, वह यह कि इसमें केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली धनराशि कम की जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली धनराशि में कमी का मतलब यह होगा कि गरीब राज्यों में खर्च में गिरावट आएगी। बनर्जी ने कहा कि पिछड़े राज्यों द्वारा इस योजना पर कम खर्च करना गरीबी कम करने के उद्देश्य में सहायक नहीं होगा।

# सेवा वितरण सुधार और नवोन्मेष में गोवा अग्रणी : राज्यपाल राजू

भाषा ⏭ पणजी

गोवा के राज्यपाल पी. अशोक गजपति राजू ने सोमवार को कहा कि सेवा वितरण सुधार और नवोन्मेष के मामले में गोवा राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है और इसकी अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत एवं सकारात्मक वृद्धि दिखा रही है। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड का निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद



नाइक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया। राजू ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि तटीय राज्य में बड़े निवेश जुटाए गए हैं जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, "कारोबार सुगमता में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

## मनरेगा बचाने के लिए 'राजभवन चलो' कार्यक्रम आयोजित करेगी कांग्रेस

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस मनरेगा की जगह 'वीबी-जी राम जी' लागू करने के खिलाफ 27 जनवरी को 'राजभवन चलो' कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को बचाने के लिए कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता राज्य की सभी तालुकाओं में पदयात्रा निकालेंगे। शिवकुमार ने कहा, ₹हमने वास्तव में 'भाजपा कार्यालय चलो' कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई थी क्योंकि वह मनरेगा को खत्म करने के लिए जिम्मेदार है, लेकिन अब हम 'राजभवन चलो' कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सख्त टिप्पणी

# पश्चिमी विचारों से प्रभावित होकर लिव इन-रिलेशनशिप में रह रहे युवाः हाईकोर्ट

भाषा ⏭ प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा है कि पश्चिमी विचारों से प्रभावित होकर युवा 'लिव-इन-रिलेशनशिप' में रह रहे हैं और इस तरह के संबंध विफल होने पर दुष्कर्म के आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करा दी जाती है। अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए एक युवक को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा रद्द कर दी। युवक पर कथित तौर पर एक नाबालिग लड़की का अपहरण करके उसका यौन शोषण करने का आरोप था।

- **युवक की आजीवन कारावास की सजा रद्द की**

अदालत ने पाया कि घटना के समय लड़की बालिग थी और वह अपनी इच्छा से आरोपी युवक के साथ घर छोड़कर गई थी।

## निचली अदालत के फैसले को दी थी चुनौती

चंद्रेश नामक युवक की अपील स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्र की खंडपीठ ने कहा कि पश्चिमी विचारों से प्रभावित होकर युवाओं के बीच बिना विवाह के 'लिव-इन-रिलेशनशिप' में रहने का चलन बढ़कर गया है और जब ऐसे संबंध विफल होते हैं तो प्राथमिकी दर्ज कराई जाती है। पीठ ने यह भी कहा कि चूंकि कानून महिलाओं के पक्ष में हैं, पुरुष इन कानूनों के आधार पर दोषी ठहराए जाते हैं, जबकि ये कानून तब बनाए गए थे जब 'लिव-इन-रिलेशनशिप' की अवधारणा अस्तित्व में कहीं नहीं थी। मुकदमे के अनुसार,



एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता शादी के बहाने उसकी बेटी को भगाकर ले गया और बाद में उसे बेंगलुरु ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। निचली अदालत ने अपीलकर्ता को आईपीसी की धारा 363 (अपहरण), 366 (विवाह के लिए अपहरण) और 323 (जानबूझकर उत्पीड़न करना), पॉक्सो और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम की संबंधित धाराओं में दोषी ठहराया था जिसके खिलाफ उसने उच्च न्यायालय में अपील की थी। रिकॉर्ड पर गौर करने के बाद अदालत ने पाया कि पीड़िता बालिग थी और निचली अदालत ने 'ऑसिफिकेशन टेस्ट' रिपोर्ट पर उचित ढंग से विचार नहीं किया था जिसमें पीड़िता की आयु करीब 20 वर्ष सिद्ध हुई थी। अदालत ने पाया कि लड़की युवक के साथ बेंगलुरु में घनी आबादी वाले क्षेत्र में छह महीने तक रही और सहमति से शारीरिक संबंध बनाए और जब युवक ने उसे छह अगस्त, 2021 को शिकारपुर चौराहे पर वापस छोड़ दिया तब उसने अपने परिवार से संपर्क किया। अदालत ने कहा कि आईपीसी की धारा 363 और 366 के तहत दोषीसिद्धि पूरी तरह अवांछित थी क्योंकि पीड़िता बालिग थी और वह अपनी इच्छा से भागी थी।

### बेंगलुरुः प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे



बेंगलुरु। सोमवार को मानेकशॉ परेड ग्राउंड में 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान स्कूली छात्रों ने परफॉर्मेंस दी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली बच्चों में देशभक्ति, एकता और अनुशासन की भावना को मजबूत करना है।

चिंतन

# कर्तव्य पथ पर दिखी बदलते भारत की सशक्त झलक

भारत ने 26 जनवरी 2026 को अपना 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना के साथ मनाया। राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड केवल एक औपचारिक सैन्य आयोजन नहीं रही, बल्कि यह नए भारत की सोच, सामर्थ्य, समावेशिता और वैश्विक दृष्टि का भव्य प्रदर्शन बनकर सामने आई। इस वर्ष की परेड कई ऐतिहासिक बदलावों और पहली बार हुए प्रयोगों के कारण विशेष रूप से यादगार रही। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह की सबसे बड़ी विशेषता रही पहली बार दो मुख्य अतिथियों की उपस्थिति। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का शामिल होना भारत और यूरोप के बीच मजबूत होते रणनीतिक और आर्थिक संबंधों का स्पष्ट संकेत है। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक नीतियों, सुरक्षा और कूटनीति में निर्णायक भूमिका निभाने वाला देश बन चुका है। 77वें गणतंत्र दिवस परेड में महिला नेतृत्व ने इतिहास रच दिया। पहली बार सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व एक महिला कमांडेंट द्वारा किया गया। यह दृश्य केवल प्रतीकात्मक नहीं था, बल्कि यह संदेश देता है कि भारत की सुरक्षा व्यवस्था में महिलाएं अब निर्णायक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में आगे बढ़ रही हैं। सेना और अर्धसैनिक बलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी न केवल लैंगिक समानता का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सोच में आए सकारात्मक बदलाव को भी दर्शाती है। इस वर्ष की परेड का एक प्रमुख आकर्षण रहा सेना के युद्ध मॉडल और ऑपरेशन 'सिंदूर' का लाइव प्रदर्शन। ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम, सूर्यास्त्र रॉकेट लॉन्चर, अर्जुन मेन बैटल टैंक और स्वदेशी सैन्य प्लेटफॉर्मों की श्रृंखला ने 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को और मजबूत किया। राफेल, सुखोई, मिग-29 और जगुआर सहित 29 एयरक्राफ्ट्स ने सिंदूर, वज्रांग, अर्जन और प्रहार जैसे फॉर्मेशन बनाकर आकाश में भारत की सामरिक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यह दृश्य न केवल सैन्य शक्ति का प्रतीक था, बल्कि देश के युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास और गर्व की भावना को भी सुदृढ़ करने वाला रहा। झांकियों के माध्यम से विभिन्न राज्यों और मंत्रालयों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक विरासत और विकास योजनाओं को प्रस्तुत किया। इन झांकियों में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना स्पष्ट रूप से झलकती नजर आई। एनिमल कंटिंजेंट की भागीदारी ने परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाते हुए परेड को और भी विशिष्ट बना दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा तिरंगा फहराना, राष्ट्रगान के बाद 21 तोपों की सलामी और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया जाना, ये सभी क्षण देश की सैन्य वीरता, बलिदान और संवैधानिक मूल्यों के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाते हैं। कुल मिलाकर, 77वें गणतंत्र दिवस की परेड केवल अतीत की उपलब्धियों का उत्सव नहीं थी, बल्कि यह भविष्य की दिशा का स्पष्ट संकेत भी थी। यह परेड बताती है कि भारत आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम, सैन्य रूप से सशक्त, लैंगिक रूप से समावेशी और वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा राष्ट्र है। कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित यह शौर्य वास्तव में नए भारत की पहचान है, एक ऐसा भारत जो अपनी परंपराओं पर गर्व करता है और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# कोयला उत्पादन में कमी लाने की जरूरत



प्रदूषण
प्रमोद भार्गव

> नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिए जाएंगे। परंतु ऐसा कुछ हुआ नहीं। इन बदलते हालातों में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा।

दिल्ली समेत भारत वायु प्रदूषण चरम पर पहुंच जाने के कारण चर्चा में है। सड़कों पर बढ़ते वाहन तो प्रदूषण के बड़े कारण हैं ही, कोयले से चलने वाले ताप विद्युत संयंत्र भी वायु प्रदूषण फैलाने के बड़े कारक बन रहे हैं। बावजूद इन संयंत्रों को राहत दी जा रही है। साथ ही कोयला खदान खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाना भी यह दर्शाता है कि बड़ी मात्रा में बिजली उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन की जरूरत बनी रहेगी। ताप विद्युत संयंत्रों के लिए फ्लू एंड गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) लगाने की तिथि निर्धारित कर दी गई थी। किंतु अब इसकी अवधि बढ़ा दी गई है, जबकि रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की नई रिपोर्ट ने साफ कर दिया है कि देश के करीब 78 प्रतिशत ताप बिजली संयंत्रों में सल्फर डाईऑक्साइड (एसओ-2) को नियंत्रित करने की प्रणाली नहीं है। इस कारण वायु प्रदूषण फैलाने में इनकी बड़ी भूमिका सामने आ रही है। देश में इलेक्ट्रिक उपकरणों और अब इलेक्ट्रिक कारों सहित अन्य वाहनों की आमद ने बिजली की आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए विद्युत संयंत्रों की न केवल जरूरत को रेखांकित किया है, अपितु यह भी संकेत मिल रहे हैं कि इन संयंत्रों की संख्या भविष्य में बढ़ाई जा सकती है। साफ है, इसी अनुपात में कोयले का उत्पादन भी बढ़ाना जरूरी हो जाएगा। इस आशंका की पुष्टी इस तथ्य से होती है कि केंद्र सरकार ने 23 दिसंबर 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार कोयला उत्खनन से जुड़े कोलियरी नियंत्रण नियम 2004 में एक अहम संशोधन करते हुए नई खदानों को खोलने की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। इस नियम की संहिता 9 को संशोधित किया गया है। साफ है, नए संयंत्र खोलने की बाधा को दूर कर दिया है।

वर्ष 2015 में जारी की गई अधिसूचना के बाद सरकारी क्षेत्र की एनटीपीसी एकमात्र ऐसी कंपनी है, जिसने अपने संयंत्रों में एफजीडी लगाने का काम किया है। इसके बाद से परिणाम बेहद सकारात्मक रहे है। एसओ-2 उत्सर्जन में कमी पाई गई है। एनटीपीसी ने जिन 20,000 मेगावाट क्षमता में एफजीडी को लगाया है, वहां औसतन 70 प्रतिशत तक एसओ-2 उत्सर्जन में कमी आई है, जबकि निजी कंपनियों ने इसे पूरी तरह अनदेखा किया हुआ है। इन कंपनियों में रिलाइंस, टाटा पावर, अडानी और टोरेंट पावर शामिल हैं। इन कंपनियों ने तर्क दिया है कि एफजीडी लगाने में करीब डेढ़ लाख करोड़ का खर्च संभव है। अतएव एफजीडी को स्थापित किया जाता है तो बिजली महंगी होगी, जिसका भार उपभोक्ता को उठाना होगा। महंगी बिजली का भार उपभोक्ता पर पड़े यह केंद्र सरकार भी नहीं चाहती, क्योंकि इससे बड़ी संख्या में मतदाता प्रभावित हो सकते हैं? इसलिए सरकार ने सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। इस फार्मूले को अमल में लाकर कंपनियों को राहत देने के लक्ष्य से जुलाई 2025 में बदले नियम के अनुसार तय कर दिया कि जो संयंत्र घनी आबादी या प्रदूषित क्षेत्र से 10 किमी दूर है, उन सभी ताप विद्युत संयंत्रों को एफजीडी लगाने की जरूरत नहीं है। यानी एक बड़ी अड़चन को दूरी के बहाने दूर कर दिया। भारत में बढ़ते शहरीकरण के चलते ऊर्जा, स्टील और सीमेंट उद्योगों की मांग बढ़ती जाने के कारण, उसी अनुपात में कोयले की जरूरत भी बढ़ती जा रही है। साल 2024-25 में



बिजली उत्पादन हेतु कोयले की मांग 94 करोड़ टन पर पहुंच गई थी। एक अनुमान के मुताबिक भारत के ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की मांग 3-4 प्रतिशत की दर से अगले पांच सालों तक बढ़ती दिखाई देगी। हालांकि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बढ़ते उपयोग से कोयले से उत्सर्जित बिजली उत्पादन में हिस्सेदारी 2025 की तुलना में 70 प्रतिशत से घटकर 2030 तक 60 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत में सौर्य ऊर्जा का उत्पादन उम्मीद से कहीं अधिक बढ़ रहा है, क्योंकि घरों में सौर्य ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में उपभोक्ता की सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो गई है। दरअसल, ब्रिटेन में हुई पहली औद्योगिक क्रांति में कोयले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 1500 ईंसवीं में बड़ी मात्रा में कोयले के उत्खनन की शुरूआत हुई थी। इसके बाद जिन देशों में भी कारखाने लगे, उनमें लकड़ी और कोयले का प्रयोग लंबे समय तक होता रहा। दुनिया की रेलें भी कोयले से ही लंबे समय तक चलती रही हैं। भोजन पकाने, ठंड से बचने और उजाले के उपाय भी लकड़ी जलाकर किए जाते रहे हैं। धुएं के बड़ी मात्रा में उत्सर्जन और धरती के तापमान में वृद्धि की शुरूआत औद्योगिक क्रांति की बुनियाद रखने के साथ ही आरंभ हो गई थी। इसके बाद जब इन दुष्प्रभावों का अनुभव पर्यावरणविदों ने किया तो 14 जून 1992 में रियो डी जनेरियो में पहला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप जापान के क्योटो शहर में 16 फरवरी 2005 को पृथ्वी के बढ़ते तापमान के जरिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए क्योटो प्रोटोकॉल अंतरराष्ट्रीय संधि अस्तित्व में आई। इस संधि में शामिल देशों ने ग्रीन हाउस अर्थात मानव उत्सर्जित गैसों को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दुनिया के वैज्ञानियों ने एकमत होकर कहा कि मानव निर्मित गैस सीओ-2 के उत्सर्जन से धरती का तापमान बढ़ रहा है, जो जीवाश्म ईंधन का पर्याय है। 192 देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए हुए हैं। बावजूद अभी तक इसके सार्थक परिणाम सामने नहीं आए है। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास के बीच चले युद्धों ने भी इस संकट को बढ़ाने का काम किया है।

नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिए जाएंगे। परंतु ऐसा कुछ हुआ नहीं। इन बदलते हालातों में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। हर हाल में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती करनी होगी। यदि तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850-1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया हुआ है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है। गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। समुद्र और अंतरिक्ष का तापमान भी इससे बढ़ेगा। विनाशकारी परमाणु हथियारों का प्रयोग और उपग्रहों को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने की प्रक्रिया भी खगोलीय तापमान बढ़ाने का काम कर रही है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नमन
विशाल तिवारी



# एक अंग्रेज जो हमेशा भारत का बन कर रह गया

भारत के सबसे प्रिय और सम्मानित विदेशी पत्रकारों में से एक सर मार्क टली का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका जाना न केवल बीबीसी के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए एक युग का अंत है। जैसे कोई पितामह विदा हो गया हो, जिसकी आवाज दशकों तक लाखों भारतीयों के कानों में गूंजती रही। टली का जीवन भारत से इतना गहराई से जुड़ा था कि वे एक अंग्रेज़ होते हुए भी भारत का बनकर रह गए। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता (तब कलकत्ता) में जन्मे, उनका बचपन ब्रिटिश परिवार की छत्रछाया में बीता, लेकिन भारत की मिट्टी ने उन्हें हमेशा खींचा। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान दार्जिलिंग में पढ़ाई, फिर ब्रिटेन में बोर्डिंग स्कूल और कैम्ब्रिज में धर्मशास्त्र की पढ़ाई वे पादरी बनना चाहते थे, लेकिन नियति ने उन्हें पत्रकारिता की ओर मोड़ा। 1964 में बीबीसी में शामिल होने के बाद 1965 में वे भारत लौट आए और यहीं बस गए। बीबीसी के भारत ब्यूरो चीफ के रूप में उन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार, इंदिरा गांधी की हत्या, बाबरी मस्जिद विध्वंस, आपातकाल जैसी ऐतिहासिक घटनाओं को कवर किया।

आपातकाल में उन्हें भारत से निकाला गया, लेकिन वे वापस लौटे। उनकी आवाज वो शांत, संतुलित, विनम्र अंग्रेजी बीबीसी हिंदी सेवा और वर्ल्ड सर्विस के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंची। लोग सरकारी रेडियो पर भरोसा न करने के दौर में बीबीसी को सत्य की आवाज़ मानते थे, और उस आवाज में मार्क टली थे। विनम्रता उनकी सबसे बड़ी खासियत थी। वे कहते थे, मुझे तो ज्यादा मालूम नहीं, आप बताइए...। भले ही विषय पर उनकी पकड़ गहरी हो। झारखंड के संतालों-मुंडाओं से लेकर केरल के आदिवासियों तक, उत्तर प्रदेश के निषादों से बिहार के मुसहरों तक भारत की विविधता को वे बराबर समझते थे। उनकी किताब 'नो फुल स्टॉप इन इंडिया' हर उस व्यक्ति के लिए जरूरी है जो भारत को समझना चाहता है। इसमें वे एक ब्रिटिश अर्थशास्त्री के हवाले से लिखते हैं: भारत के बारे में जो सही कहा जा सकता है, उसका विपरीत भी सत्य है। यही उनकी समझ की गहराई थी – वे भारत को जटिल, विरोधाभासी लेकिन खूबसूरत मानते थे। भारत सरकार ने उन्हें 1992 में पद्म श्री और 2005 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। 2002 में ब्रिटेन की महारानी ने उन्हें नाइट की उपाधि दी। हिंदी पाठकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि उनकी कुछ रचनाएं हिंदी में भी उपलब्ध हैं। राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित उनकी प्रमुख किताब 'धीमी वाली फास्ट पैसेंजर' है, जो उनकी अंग्रेजी किताब 'अपकंट्री टेल्स' का हिंदी अनुवाद है। प्रभात सिंह द्वारा अनूदित यह कहानी संग्रह 2023 में प्रकाशित हुआ और पूर्वांचल की कस्बाई जिंदगी, छोटे शहरों की कहानियों और भारतीय समाज की बारीकियों को मार्मिक ढंग से उकेरता है। यह उनकी दूसरी कथाकृति है, जो पचास से अधिक वर्षों के भारतीय अनुभव से निकली। भारतीयों से अधिक भारत की समझ रखने वाले वे बीबीसी की पहचान थे। जैसे वकीलों के लिए राम जेठमलानी, उद्यमियों में टाटा, वैसे पत्रकारों में मार्क टली उपमा दी जाती थी। बीबीसी का वह बेबाक स्वर थे, जो भारत की धमनियों में दशकों तक गूंजता रहा। बचपन की वे रातें याद हैं, जब रेडियो पर उनका नाम आता तो घर में सन्नाटा छा जाता। पत्रकारिता सत्य की आग है, तपाती है जलाती है, लेकिन मार्क टली ने इसे कभी हथियार नहीं बनने दिया। 1964 में वे भारत आए एक परदेसी बनकर। जल्दी ही अपने हो गए। बीबीसी दिल्ली प्रमुख बनकर उन्होंने अंधेरे में दीया जलाया। इमरजेंसी के काले दिनों में प्रेस पर ताले लगे, लेकिन टली की आवाज़ लंदन से भारत पहुंचती रही। वह निर्भीकता नहीं, नैतिक विद्रोह था। सोचिए, एक अंग्रेज जो आजादी के बाद के घावों को इतनी गहराई से देखे कि अपनी संस्था के खिलाफ भी खड़ा हो जाए। आज की पत्रकारिता में ऐसा कौन है? सोशल मीडिया की चमक में सब खो गए हैं। टली की पत्रकारिता में जनता की संवेदना थी। नक्सल गलियों में घूमे जहां इंतजामिया का पैर नहीं पहुंचता। पंजाब का दर्द उकेरा, कश्मीर की पीड़ा शब्दों में उतारी। भोपाल गैस त्रासदी पर उनकी रिपोर्टिंग मानवता का रोना है। कारखानों के धुएं में घुसकर मांओं की पीड़ा सुनी, जिनके बच्चे हमेशा सो गए। यह सूखी खबरें नहीं, जीवंत चित्र थे। जैसे कवि कविता को सांस देता है, वैसे टली ने खबरों को जीवन दिया। उनकी किताबें शब्द नहीं, भारत की आत्मा के दर्पण हैं। हर पंक्ति में सतही पत्रकारिता के खिलाफ विद्रोह। वे कहते थे, भारत समझना है तो उसके लोगों के बीच जियो। और वे जिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सबके मूल में वही एक भगवान



संकलित
दर्शन

एक समय की बात है उद्दालक नाम के एक महान ऋषि थे। उनका 12 साल का एक बेटा था, श्वेतकेतु। श्वेतकेतु अपना ज़्यादातर समय दोस्तों के साथ खेलने और मस्ती करने में बिताता था। उसके पिताजी को उसकी शिक्षा की बहुत चिंता थी इसलिए उन्होंने श्वेतकेतु को एक अच्छे और योग्य गुरु के पास शिक्षा लेने के लिए भेज दिया। कुछ समय पश्चात श्वेतकेतु अपनी शिक्षा पूरी करके अपने घर वापस लौट आया। उसके पिताजी को यह महसूस हुआ कि श्वेतकेतु को अपने ज्ञान का बहुत घमंड हो गया है। वह जानते थे कि इतना अहंकार उसके लिए ठीक नहीं है, यह उसे जीवन के सच तक नहीं पहुँचने देगा। उसे समझाने के लिए एक दिन उन्होंने ने उसे अपने पास बुलाया और पूछा, "बेटा, क्या तुम्हें वह ज्ञान मिला है जिससे न सुनाई देने वाला भी सुनाई दे, न सोचे जाने वाला भी सोचा जाए और जिसे नहीं जाना जा सकता उसे भी जाना जा सके।" श्वेतकेतु के पास अपने पिताजी के इन सवालों का जवाब नहीं था। उसके पिताजी ने उसे समझाते हुए कहा, "इस मिट्टी को देखो, जब कुम्हार इससे घड़ा बनाता है तो इसका रूप और आकार बदल जाता है पर असल में वो घड़ा होता तो मिट्टी ही है। इसी तरह इस संसार की सारी चीज़े उसी एक भगवान के अलग-अलग रूप, रंग और आकार हैं। सबके मूल में वही एक भगवान हैं। जिस तरह मिट्टी के बिना घड़ा नहीं हो सकता उसी तरह भगवान के बिना ना तो यह संसार हो सकता है और ना ही इस संसार की कोई चीज़। तुम भी भगवान का ही एक रूप हो, श्वेतकेतु।

## लोग दोहराव से थक जाते हैं



संकलित
प्रेरणा

कुछ लोग विशेष लक्ष्य के लिए नहीं, बल्कि जिज्ञासा पाने के लिए काम करते हैं। इन विषयों की खोज में यानि अनुभव की तलाश में, उन्हें हमेशा नई जानकारी प्राप्त करने में खुशी मिलती है। इस तरह की खोज सिर्फ मनुष्य मे ही नहीं, जानवर में भी होता है। लोग दोहराव से थक जाते हैं और नई जानकारी चाहते हैं। यह ज़्यादा से ज़्यादा बच्चों में दिखाई पड़ता है। यह उनके व्यवहार और अभिव्यक्ति जैसे मुस्कुराहट और बड़बड़ाहट के माध्यम से दिखाया जाता है। उनके मकसद पूरा न होने पर वे परेशान हो जाते हैं। इसलिए हम हमेशा रोमांनचिक अनुभवों की खोज मे लगे रहते हैं। कुछ लोग विशेष लक्ष्य के लिए नहीं, बल्कि जिज्ञासा पाने के लिए काम करते है। इन विषयों की खोज में यानि अनुभव की तलाश में, नई जानकारी प्राप्त करने में खुशी मिलता है। इस तरह की खोज सिर्फ मनुष्य मे ही नहीं, जानवर मे भी होता है। लोग दोहराव से थक जाते हैं और नई जानकारी चाहते हैं। यह ज़्यादा से ज़्यादा बच्चों में दिखाई पड़ता है। यह उनके व्यवहार और अभिव्यक्ति जैसे मुस्कुराहट और बडबडाहट के माध्यम से दिखाया जाता है। उनके मकसद पूरा न होने पर वे परेशान हो जाते हैं। इसलिए लोगों का स्वभाव है कि वे हमेशा नई और रोमान्चिक अनुभवों की खोज में लगे रहते हैं।

## सारा संसार



**वृन्दावन**, भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के मथुरा ज़िले में स्थित एक महत्वपूर्ण धार्मिक व ऐतिहासिक नगर है। वृन्दावन भगवान श्रीकृष्ण की लीला से जुडा हुआ है। यह स्थान श्री कृष्ण की कुछ अलौकिक बाल लीलाओं का केन्द्र माना जाता है। यहां विशाल संख्या में श्री कृष्ण और राधा रानी के मन्दिर हैं। बांके विहारी जी का मंदिर, श्री गरुड़ गोविंद जी का मंदिर व राधावल्लभ लाल जी का, ठा.श्री पर्यावरण बिहारी जी का मंदिर बड़े प्राचीन हैं।

## आज की पाती

### बढ़ता प्रदूषण खतरनाक

देश में लगातार बढ़ता जा रहा प्रदूषण बेहद खतरनाक है। इसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य, और जीवन को खतरे में डाल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, और ध्वनि प्रदूषण। वायु प्रदूषण के कारण हमें श्वसन संबंधी समस्याएं हो रही हैं, और यह हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रहा है। जल प्रदूषण के कारण हमारे जल स्रोत दूषित हो रहे हैं और यह हमारे स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहा है। ध्वनि प्रदूषण के कारण हमें तनाव, नींद की कमी, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं। सरकार से अनुरोध है कि इस समस्या से निजात दिलवाएं। *-युग धनखड़, रोहतक*

## करंट अफेयर

### कटरा और श्रीनगर के बीच विशेष आरक्षित ट्रेनें चलेंगी

हाल ही में हुई भारी बर्फबारी से सड़क और हवाई यातायात बाधित होने के कारण, उत्तरी रेलवे के जम्मू मंडल ने फंसे हुए यात्रियों को राहत प्रदान करने के लिए अगले सप्ताह एसएमवीडी कटरा से श्रीनगर के बीच विशेष आरक्षित ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने बताया कि 27 और 28 जनवरी को श्री माता वैष्णो देवी (एसएमवीडी) कटरा और श्रीनगर के बीच विशेष आरक्षित ट्रेन चलाने का निर्णय मंडल रेल प्रबंधक (जम्मू) विवेक कुमार के निर्देशों के तहत लिया गया। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा और 27 और 28 जनवरी को वंदे भारत ट्रेनों के न चलने को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई।



शुक्रवार को बनिहाल सेक्टर में भारी बर्फबारी के कारण पिछले दो दिनों से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद रहने के बाद इसे रविवार को आंशिक रूप से खोल दिया गया। वहीं, बर्फ से ढके कश्मीर में हवाई सेवाएं भी बाधित रहीं। मौसम विभाग ने कश्मीर के अधिकांश हिस्सों और जम्मू के ऊंचे इलाकों में 26 जनवरी से 27 जनवरी की शाम तक बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। अधिकारियों ने बताया कि विशेष आरक्षित ट्रेन 27 जनवरी को सुबह 8:10 बजे एसएमवीडी कटरा से रवाना होगी और सुबह 11 बजे श्रीनगर पहुंचेगी।

## ऑफ बीट

### पंचकर्म व पारंपरिक उपचार की चाह में गोवा आ रहे विदेशी पर्यटक

पंचकर्म जैसे आयुर्वेद आधारित उपचार पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां आजमाने के इच्छुक विदेशी पर्यटकों के लिए भारत की यात्रा को साधारण



छुट्टियों से कहीं आगे कायाकल्प एवं आरोग्य हासिल करने के अवसर में तब्दील कर रहे हैं, और गोवा स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) इस मामले में एक अग्रणी केंद्र के रूप में उभर रहा है। एआईआईए में उपलब्ध सबसे लोकप्रिय पारंपरिक उपचार पद्धतियों में पंचकर्म शामिल है, जो संस्थान के चिकित्सकों की मानें तो जटिल बीमारियों में भी आशाजनक परिणाम दिखा रहा है। रूस की 63 वर्षीय नतालिया उन विदेशी पर्यटकों में शामिल हैं, जिनका कहना है कि भारत में छुट्टियां मनाते समय आयुर्वेद आधारित उपचार पद्धति आजमाने के फैसले से उनकी यात्रा के अनुभव में एक शानदार आयाम जुड़ गया। नतालिया के मुताबिक, वह पिछले सात-आठ साल से कमर दर्द, गर्दन में दर्द और जोड़ों में दर्द की शिकायत के साथ-साथ 'रेटिनल एट्रोफी' की समस्या से जूझ रही हैं, जिससे उनकी आंखों की रोशनी कमजोर हो गई है। एआईआईए में पंचकर्म थेरेपी हासिल करने के बाद मुझे अपनी स्थिति में काफी सुधार महसूस हो रहा है।

## ट्रेंड

### सेना की ताकत



यह गणतंत्र दिवस हम सभी को एकता को मजबूत करने, समावेशिता को बढ़ावा देने और हमारे प्यारे गणतंत्र की प्रगति और समृद्धि के लिए अटूट प्रतिबद्धता के साथ काम करने के लिए प्रेरित करे। हमारी सेना का शौर्य और ताकत आज पूरी दुनिया देख रही है।

**- सी पी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति**

### प्रतिबद्धता दोहराने का दिन



हम भारतीय अत्यंत प्रसन्न हैं, क्योंकि हम अपने गौरवशाली गणराज्य के नागरिक के रूप में गर्व के साथ रह रहे हैं। आज का दिन राष्ट्रध्वज, संवैधानिक मूल्यों और देश के प्राचीन एवं शाश्वत आध्यात्मिक सार की निरंतर रक्षा एवं संवर्धन की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है।

**-दत्तात्रेय होसबाले, आरएसएस के सरकार्यवाह**

### दूरदर्शी प्रशासक बिंद्रा



आईएस बिंद्रा दूरदर्शी प्रशासक थे, जिनके नेतृत्व ने विश्व क्रिकेट में भारत की भूमिका को फिर से परिभाषित करने में मदद की। उनके कारण ही आज भी खिलाड़ियों, प्रशासकों और स्वयं खेल की सेवा कर रहे हैं।

**- मिथुन मन्हास, बीसीसीआई अध्यक्ष**

### ख्वाबों से भी ऊपर सम्मान



मैं पद्मश्री को गहरी कृतज्ञता और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूँ। यह सम्मान मेरे सबसे ऊंचे ख्वाबों से भी ऊपर है। यह सम्मान केवल मेरे मार्गदर्शकों के आशीर्वाद, शुभचिंतकों की शुभकामनाओं और जनता के प्यार और प्रोत्साहन के कारण मिला है।


**- आर. माधवन, अभिनेता**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने आर्सेनल को 3-2 से हराकर खिताब की दौड़ रोमांचक बनाई

**मैनचेस्टर**। मैथियस कुन्हा के विजयी गोल के दम पर मैनचेस्टर यूनाइटेड ने आर्सेनल को 3-2 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। ब्राजील के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने 87वें मिनट में गोलकीपर डेविड राया को छकाते हुए लंबी दूरी से शानदार शॉट लगाया, जिससे एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मैच का फैसला हो गया। इस हार के बावजूद आर्सेनल अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन उसके तथा मैनचेस्टर सिटी और एस्टन विला बीच के अब केवल चार अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 23 मैच में 50 जबकि मैनचेस्टर सिटी और एस्टन विला के इतने ही मैच में समान 46 अंक हैं। सिटी गोल अंतर के आधार पर विला से आगे है। एस्टन विला ने न्यूकैसल के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ खिताब की दौड़ में अपनी अप्रत्याशित दावेदारी बरकरार रखी। विला ने 1981 के बाद से खिताब नहीं जीता है और सात साल पहले वह दूसरी श्रेणी की चैम्पियनशिप में खेल रहा था।



## जेसिका ने कीज को 6-3, 6-4 से पराजित किया

# पेगुला ने मौजूदा चैंपियन मैडिसन को ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर किया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न


जेसिका पेगुला ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए सोमवार को यहां मौजूदा चैंपियन और अपनी पॉडकास्ट सहयोगी मैडिसन कीज को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा। यह 2001 के बाद पहला अवसर है जबकि अमेरिका की कम से कम चार खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। वर्ष 2001 में सेरेना और वीनस विलियम्स, जेनिफर कैप्रियाती, मोनिका सेलेस और लिंडसे डेवनपोर्ट अंतिम आठ में पहुंची थीं। छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने रॉड लेवर एरिना में खेले गए मैच में नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ को 6-3, 6-4 से पराजित किया। अब तक कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाने वाली पेगुला ने पहला सेट केवल 32 मिनट में जीता। विंबलडन और यूएस ओपन में उपविजेता रहीं अनिसिमोवा ने वांग शिन्यू को 7-6 (4), 6-4 से हराया।

अनिसिमोवा ने पेगुला के खिलाफ अपने अगले मैच के संदर्भ में कहा, "यह दुख की बात है कि अमेरिका की एक खिलाड़ी को क्वार्टरफाइनल में बाहर होना पड़ेगा। जेस बेहतरीन खिलाड़ी हैं, इसलिए मुझे यकीन है कि यह शानदार मुकाबला होगा।" अमेरिका की कोको गॉफ और 18 वर्षीय इवा जोविच पहले ही क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुकी हैं।



### पुरुष एकल में 5वीं वरीयता प्राप्त मुसेटी ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5, 6-4 से हराया

पुरुष एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी ने नौवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज पर 6-2, 7-5, 6-4 से जीत हासिल करके पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पेगुला ने पहले सेट में 4-1 की बढ़त बनाई और फिर दूसरे सेट की शुरुआत में भी ब्रेक प्वाइंट हासिल किया। कीज की सर्विस में आई दिक्कतों के चलते पेगुला ने फिर से 4-1 की बढ़त बना ली। मैच तब खत्म हुआ जब कीज का फोरहैंड शॉट नेट में चला गया। पेगुला ने कहा, "मैं पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेल रही हूं। गेंद का सही अनुमान लगा रही हूं और उसे अच्छी तरह से हिट कर रही हूं। मैं अपने इस प्रदर्शन को बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं।" ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पेगुला का यह चौथा क्वार्टर फाइनल होगा। किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2024 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचना था, जहां उन्हें एरिना सबालेंका से हार का सामना करना पड़ा था। सोमवार को रॉड लेवर एरिना में नोवाक जोकोविच का मुकाबला होना था, लेकिन उनके प्रतिद्वंदी याकूब मेनसिक के पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण चौथे दौर के मैच से हटने के बाद उन्हें वॉकओवर मिल गया और उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली।





### भांबरी की हार से ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

**मेलबर्न (भाषा)**। मेलबर्न, 26 जनवरी (भाषा) युकी भांबरी और उनके स्वीडिश साथी आंद्रे गोरानसन के सोमवार को यहां पुरुष युगल के तीसरे दौर में हारने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। भांबरी और गोरानसन को ऑरलैंडो लूज और राफेल माटोस की ब्राजील की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-7(7), 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यह एक करीबी मुकाबला था जो एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चला। भांबरी और गोरानसन की जोड़ी ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी लेकिन वह टाईब्रेकर में फायदा उठाने में नाकाम रही। इसके बाद ब्राजील के खिलाड़ियों ने बिना किसी खास परेशानी के दूसरा सेट जीत लिया। भांबरी के टूर्नामेंट से बाहर होने के साथ ही साल के पहले ग्रैंड स्लैम में भारत का सफर भी समाप्त हो गया है। भांबरी पहले ही मिश्रित युगल से जबकि एन श्रीराम बालाजी पुरुष युगल से बाहर हो चुके थे। माया राजेश्वरन और अर्नव पापरकर शनिवार को जूनियर वर्ग के पहले दौर में ही बाहर हो गए थे।

### ओविएडो को 3-0 से हराया

# बार्सिलोना स्पेनिश लीग में फिर से शीर्ष पर पहुंचा



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

लामिन यामल ने एक शानदार वॉली शॉट से दर्शनीय गोल किया जिससे बार्सिलोना ने रविवार को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में सबसे निचले स्थान पर काबिज ओविएडो को 3-0 से हराकर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। दूसरे हाफ में डैनी ओल्मो और राफिन्हा ने ओविएडो की रक्षापंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। यामल ने पेनल्टी स्पॉट के पास से बाइसाइकिल किक लगाकर 73वें मिनट में अपना गोल दागा। ओल्मो के क्रॉस पर यामल ने अपने बाएं पैर से गेंद को गोलपोस्ट के कोने में पहुंचाया। यामल का इस सत्र में ला लिगा में यह आठवां गोल था। बार्सिलोना के इस जीत से 21 मैच में 52 अंक हो गए हैं। रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 51 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर खिसक गया है। एटलेटिको मैड्रिड ने मालोर्का को 3-0 से हराया और वह लीग में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस साल खेले गए छह मैचों में यह पहला अवसर था जब एटलेटिको ने एक से अधिक गोल किए। उसके 21 मैच में 44 अंक हो गए हैं।

**यामल ने बाइसाइकिल किक लगाकर 73वें मिनट में अपना गोल दागा**

## खबर संक्षेप

### टी20 वर्ल्डकप के लिए अच्छी तैयारी कर रहा है भारत

**नई दिल्ली**। दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को केवल अभ्यास के तौर पर देखा जाना चाहिए क्योंकि भारत टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने के लिए पूरी लगन से तैयारी कर रहा है और किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा है। भारतीय टीम ने रविवार को गुवाहाटी में आठ विकेट से शानदार जीत हासिल करते हुए पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। इसके बाद गावस्कर ने भारतीय टीम की जमकर प्रशंसा करते हुए उसकी मजबूती पर बात की।




### बिंद्रा 'दूरदर्शी प्रशासक' और भारतीय क्रिकेट के 'कुशल वास्तुकार' थे: बीसीसीआई

**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को अपने पूर्व अध्यक्ष इंदरजीत सिंह बिंद्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा उन्हें एक 'दूरदर्शी प्रशासक' और भारतीय क्रिकेट का सबसे 'कुशल वास्तुकार' करार दिया। बिंद्रा 1993 से 1996 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे थे। उनका रविवार को यहां निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, "आईएस बिंद्रा दूरदर्शी प्रशासक थे, जिनके नेतृत्व ने विश्व क्रिकेट में भारत की भूमिका को फिर से परिभाषित करने में मदद की।"

### दोहा डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता

# भारतीय खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण सहित कुल दस पदक जीते




भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ियों ने दोहा में आयोजित की गई 2026 डब्ल्यूटीटी स्टार यूथ कंटेंडर एवं फीडर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण सहित कुल 10 पदक जीते, जिसमें लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में अहोना रे का शीर्ष स्थान हासिल करना विशेष रहा। लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में भारत ने तीनों पदक हासिल किए। इसमें अहोना, अंकोलिका चक्रवर्ती और नैशा रेवास्कर ने शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा जमाया। अंकोलिका और नैशा ने लड़कियों के अंडर-15 युगल में रजत पदक हासिल किया जिससे 23 से 25 जनवरी तक खेले गए टूर्नामेंट में भारत के शानदार प्रदर्शन का पता चलता है। भारत ने चार स्वर्ण पदकों के अलावा तीन रजत और तीन कांस्य पदक भी जीते।

**लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में भारत ने तीनों पदक हासिल किए**

**युगल और मिश्रित स्पर्धाओं में भारत का स्वर्ण पदक जीतने का सिलसिला जारी**

युगल और मिश्रित स्पर्धाओं में भारत का स्वर्ण पदक जीतने का सिलसिला जारी रहा। आकाश राजवेलु और रिशान चट्टोपाध्याय ने लड़कों के अंडर-15 युगल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि दिव्यांशी भौमिक और पी बी अभिनंद की जोड़ी ने अंडर-19 मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंकोलिका और आदित्य दास ने अंडर-15 मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता। एकल स्पर्धाओं में अभिनंद ने लड़कों के अंडर-19 में रजत पदक, दिव्यांशी ने लड़कियों के अंडर-19 में कांस्य पदक और आदित्य ने लड़कों के अंडर-15 में कांस्य पदक जीतकर अपने सफल अभियान का समापन किया।

# आईपीएल के पिछले सत्र के बाद अपनी लेंथ पर नियंत्रण रखने पर काम किया: बिश्नोई

**गुवाहाटी (भाषा**। भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई का मानना है कि एक साल की कड़ी मेहनत, आत्मनिरीक्षण और अपनी गेंदबाजी की लेंथ में नियंत्रण बनाए रखने पर काम करने से उनके प्रदर्शन में सुधार हुआ और वह राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे। बिश्नोई का पिछले आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था। इसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें रिलीज कर दिया था लेकिन पिछली नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 7.20 करोड़ रुपये में खरीदा। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले बिश्नोई ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, "पिछले एक साल में मैंने अपनी लेंथ पर काम किया है क्योंकि पिछले आईपीएल सत्र में मेरा प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा था। पिछले सत्र में मेरा अपनी लाइन और लेंथ पर मेरा ज्यादा नियंत्रण नहीं था।" उन्होंने कहा, "लेकिन मैंने स्टंप्स पर 5-6 मीटर की लेंथ पर गेंदबाजी करने की पूरी कोशिश की, क्योंकि उस लेंथ पर की गई गेंद पर शॉट लगाना मुश्किल होता है।" इस 25 वर्षीय लेग स्पिनर ने इससे पहले पिछले साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए आखिरी मैच खेला था। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं थे। उन्हें स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को चोट लगने के बाद ही टीम में जगह मिली। बिश्नोई ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मिले मौके का पूरा फायदा उठाया और चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने कहा, "जब आप टीम से बाहर होते हैं तो काफी मुश्किल होता है। यह भारतीय टीम बहुत मजबूत है और इसमें जगह बनाना आसान नहीं है।



# सोच समझकर शॉट मारता है अभिषेक उनसे सीख लेने की जरूरत : चैपमैन

**गुवाहाटी (भाषा**। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन का मानना है कि अभिषेक शर्मा की छक्के जड़ने की अद्भुत क्षमता महज अति आक्रामकता नहीं बल्कि खेल की गहरी समझ और शानदार रणनीति का परिणाम है तथा उनकी टीम अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस भारतीय सलामी बल्लेबाज से कुछ सीख लेने की कोशिश करेगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय में विश्व के नंबर एक बल्लेबाज अभिषेक ने तीसरे मैच में 20 गेंद पर 68 रन बनाए। उन्होंने पांच छक्के लगाए और इस बीच केवल 14 गेंद पर अर्धशतक जमाया। भारत ने केवल 10 ओवरों में 154 रन का लक्ष्य हासिल करके पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। अभिषेक ने पहले मैच में 35 गेंदों में 84 रन की पारी खेली जिसमें आठ छक्के शामिल थे। चैपमैन ने मैच के बाद मीडिया से कहा, "सच कहूं तो उनकी बल्लेबाजी दमदार और विस्फोटक है। मैंने उन्हें ज्यादा खेलते हुए नहीं देखा है लेकिन छक्के मारने की उनकी क्षमता बेजोड़ है। जिस तरह से वह खेलते हैं, उससे लगता है कि वह अपनी बल्लेबाजी को लेकर काफी मंथन करते हैं।" उन्होंने कहा, "वह इस समय बहुत अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। टी20 क्रिकेट की यही खासियत है। जब कोई खिलाड़ी बहुत अच्छा खेल रहा होता है तो उसे रोकना मुश्किल हो जाता है। हमें अपने खेल की समीक्षा करनी होगी। हमें खेल के तीनों विभाग में सुधार करना होगा।" न्यूजीलैंड भले ही श्रृंखला हार गया है लेकिन चैपमैन का मानना है कि यह उनकी टीम के लिए टी20 विश्व कप की आदर्श तैयारी है। उन्होंने कहा, "हमें बड़े स्कोर बनाने पर ध्यान देना होगा।



### महिला प्रीमियर लीग : दिल्ली अंक तालिका में दूसरे स्थान पर

# गुजरात के खिलाफ लय बरकरार रखने उतरेगी दिल्ली

भाषा ▶▶| वडोदरा

पिछले मैच में शीर्ष पर काबिज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ जीत दर्ज करने से उत्साहित दिल्ली कैपिटल्स की टीम गुजरात जायंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में अपने मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के दम पर जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। डब्ल्यूपीएल में तीनों फाइनल में पहुंचने लेकिन हर बार उपविजेता रहने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने अपने पिछले मैच में स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी को इस सत्र की पहली हार का स्वाद चखाया था। इस सात विकेट की जीत ने न केवल उसे प्लेऑफ की दौड़ में बनाए रखा बल्कि उसे डब्ल्यूपीएल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर भी पहुंचा दिया। भारतीय स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स की अगुवाई वाली दिल्ली का प्रदर्शन इस सत्र के शुरुआत में अच्छा नहीं रहा था लेकिन टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ उसके खेल में सुधार होता गया। उसे दक्षिण अफ्रीका की दिग्गज बल्लेबाज लौरा वोलवार्ट और लिज़ेल ली ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है, लेकिन सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का उतार-चढ़ाव भरा फॉर्म बरकरार है। शेफाली ने अब तक केवल एक अर्धशतक बनाया है और जेमिमा चाहेंगी कि शीर्ष क्रम के सभी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन करें ताकि टूर्नामेंट के निर्णायक चरण में प्रवेश करते समय टीम का ध्यान न भटके।





**दिल्ली ने पिछले मैच में आरसीबी को दी थी सीजन की पहली हार**

पिछले मैच में आरसीबी की मजबूत बल्लेबाजी को केवल 100 रन पर समेट देना उसके गेंदबाजों का बेहतरीन प्रदर्शन था। युवा तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा, दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज मारिजान काप और बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने अब तक कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में श्री चरणी महंगी साबित हुई थी और उन्होंने 42 रन लुटाए थे। इस मैच में गुजरात जायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार रन से हराया था। गुजरात जायंट्स अंक तालिका में तीसरे स्थान पर हैं। उसके और दिल्ली कैपिटल्स के छह-छह अंक हैं। गुजरात जायंट्स के बल्लेबाज अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए हैं।

# पीजीटीआई की लीग से जुड़ी नई फ्रेंचाइजी

**नई दिल्ली (भाषा)**। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) ने सोमवार को बताया कि 21 फरवरी से शुरू होने वाले उसके प्रमुख टूर्नामेंट '72 द लीग' में राजस्थान स्थित एक नयी फ्रेंचाइजी जुड़ गई है। इस फ्रेंचाइजी का संयुक्त स्वामित्व हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड और केएलजे ग्रुप ऑफ कंपनीज के पास है। इन कंपनियों के मालिकों ने इस संबंध में सोमवार को पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव के साथ औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। पीजीटीआई और गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्स (जीओएलएस) संयुक्त रूप से इस लीग को शुरू कर रहे हैं। पहली लीग दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तीन सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ क्लब, क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब, जयपी ग्रीन्स और कुतुब गोल्फ कोर्स में आयोजित की जाएगी। इस लीग में शहर आधारित फ्रेंचाइजी भाग लेंगी, जिनमें से प्रत्येक में 10 पेशेवर खिलाड़ी होंगे। खिलाड़ियों का चयन नीलामी प्रक्रिया से किया जाएगा।

अमेरिका के कई राज्य इस समय भीषण ठंडी हवाओं से जूझ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स में हवाएं काउंटर क्लॉकवाइज (घड़ी की उल्टी दिशा) बहती हैं। पोलर वोर्टेक्स भौगोलिक संरचना के कारण आमतौर पर नॉर्थ पोल के चारों ओर घूमता है, लेकिन जब यह दक्षिण की तरफ बढ़ता है तो अमेरिका, यूरोप और एशिया में भारी ठंड लाता है।

### 18 हजार से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल, 20 राज्यों में इमरजेंसी घोषित

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 10 लाख घर अंधेरे में, 13 की मौत

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

कड़कड़ाती सर्दी के बीच उत्तर भारत में मौसम ने करवट ले ली है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में बदले मौसम का प्रभाव देखने को मिल रहा है। जम्मू और कश्मीर के कई इलाकों में सुबह से ही भारी बर्फबारी देखने को मिल रही है।

जम्मू और कश्मीर के पूंछ में 6 साल बाद तेज बर्फबारी हुई है और इससे स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है। श्रीनगर, पहलगाम, बारामूला, रियासी, गुलमर्ग और पूंछ में सुबह से ही लगातार बर्फबारी हो रही है। पर्यटकों को बर्फबारी का मजा लेते हुए भी देखा गया।

◀ वर्जीनिया, केंटकी व जॉर्जिया में बिजली संकट

◀ बर्फीली बारिश से पेड़ और पावर लाइन टूट गए



**एयर इंडिया ने फ्लाइट कैंसिल की**

*भीषण तूफान के कारण एयर इंडिया ने 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और नेवार्क से आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। यात्रा संबंधी सलाह में, एयरलाइन ने कहा कि रविवार की सुबह से सोमवार तक न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और आसपास के क्षेत्रों में भारी बर्फबारी होने की संभावना है, जिससे उड़ान संचालन में दिक्कत हो सकती है।*

**बर्फ हटाने के लिए 1600 स्नो प्लो
1 लाख 14 हजार टन नमक तैयार**



इमरजेंसी घोषित राज्यों में नेशनल गार्ड और रेस्क्यू टीमों को तैनात किया गया है। न्यूयॉर्क गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि बर्फ हटाने के लिए पूरे राज्य में 1,600 से ज्यादा स्नो प्लो मशीन और 1,14,000 टन नमक तैयार है। नमक बर्फीली परत को पिघलाता है, जिससे सड़कों से बर्फ हटाने में आसानी होती है। होचुल ने लोगों से घर से काम करने, जरूरी सामान पहले से जमा करने की अपील की है। उन्होंने बर्फ हटाते समय सावधानी बरतने की अपील की है, क्योंकि इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। न्यूयॉर्क सिटी मेयर जोहरान ममदानी ने कहा कि 2 इंच बर्फ जमा होने पर हजारों सैनिटेशन वर्कर्स, 700 नमक स्प्रेडर और 2,200 स्नो प्लो तैनात किए जाएंगे। सबवे और बसें चलती रहेंगी, लेकिन लोग घर पर रहने की कोशिश करें।



**माइनस 45°C तक पहुंचा तापमान**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 20 राज्यों में इमरजेंसी घोषित किया है। फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी ने कई राज्यों में जरूरी सामान, स्टाफ और सर्च एंड रेस्क्यू टीमों को तैनात किया है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि राज्य को सालों में सबसे लंबी ठंड और सबसे ज्यादा बर्फबारी के लिए तैयार रहना होगा।

## खबर संक्षेप

### यूक्रेन के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी से जुड़े कागज तैयार : जेलेंस्की

**विलनियस )।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनके युद्धग्रस्त देश के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी से जुड़ा दस्तावेज़ दो दिनों तक चली वार्ता के बाद अब "100 प्रतिशत तैयार" है। इस वार्ता में यूक्रेन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधि शामिल थे। लिथुआनिया की यात्रा के दौरान राजधानी विलनियस में पत्रकारों से बात करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन अब अपने साझेदारों द्वारा दस्तावेज पर हस्ताक्षर की तारीख तय किए जाने का इंतजार कर रहा है। इसके बाद यह दस्तावेज पुष्टि (अनुमोदन) के लिए अमेरिकी कांग्रेस और यूक्रेनी संसद में भेजा जाएगा।

### कर्नाटक में कार सड़क किनारे खड़ी लॉरी से टकराई, तीन की मौत

**तुमकुरु (भाषा)।** तुमकुरु तालुक में सोमवार को एक कार के सड़क किनारे खड़ी एक लॉरी के पिछले हिस्से से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना में तीन लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना नेलाहल गांव में हुई जब कार गोकर्णा, उडुपी और मुरुदेश्वर सहित तटीय स्थलों की यात्रा के बाद बेंगलुरु लौट रही थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹कार ने लॉरी को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के अनिकेत (42) और अभीर (44) तथा आंध्र प्रदेश की संमुख्ती (35) के रूप में हुई है। तीनों बेंगलुरु में रहते थे।

### सहायिका से बलात्कार करने के आरोप में अभिनेता गिरफ्तार

**मुंबई (भाषा)।** मुंबई में अभिनेता को अपनी घरेलू सहायिका से शादी का वादा करके उससे 10 साल तक बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि 41 वर्षीय महिला की शिकायत के आधार पर नदीम खान को 22 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था और वह इस समय पुलिस हिरासत में हैं। खान हाल में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। शिकायत के अनुसार, महिला ने विभिन्न अभिनेताओं की घरेलू सहायिका के रूप में काम किया था और वह वर्षों पहले खान के संपर्क में आई थी जिसके बाद वे करीबी दोस्त बन गए थे।

### ट्रम्प की 100 फीसदी टैरिफ धमकी पर झुके कनाडाई प्रधानमंत्री

# चीन के करीब नहीं जा रहे, हमारे बीच कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं : कार्नी

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा हमारे बजाय चीन से दोस्ती बढ़ा रहा, जो उन्हें पहले ही साल में बर्बाद कर देगा। कनाडा पर आरोप लगाते हुए ट्रम्प ने कहा कि वह नॉर्थ अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोमवार को कहा है कि उनकी सरकार चीन के साथ किसी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर काम नहीं कर रही है और न ही इसका कोई इरादा है।

इससे एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने धमकी देते हुए कहा था कि अगर कनाडा चीन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करता है तो कनाडाई सामानों पर 100 फीसदी टैरिफ लगा दिया जाएगा। कार्नी ने कहा कि हम कनाडा-अमेरिका-मेक्सिको समझौता (सीयूएमए) के तहत हम किसी गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देश के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने से पहले सूचना देंगे। हमारा चीन या किसी दूसरे ऐसे देश के साथ ऐसा ट्रेड करने का कोई इरादा नहीं है। कनाडा पर आरोप लगाते हुए ट्रम्प ने कहा कि वह नॉर्थ अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति की चेतावनी- कनाडा को सालभर में ही चीन खा जाएगा

**कनाडा अमेरिका मेक्सिको समझौता**



**कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाना चाहते हैं ट्रम्प**

ट्रम्प कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कह चुके हैं। कार्नी ने पिछले साल मई में ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस दौरान कार्नी ने ट्रम्प से साफ शब्दों में कहा था कि कनाडा बिकाऊ नहीं है। दरअसल, बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा था कि अगर कनाडा अमेरिका में शामिल होता है तो वहां के लोगों को कम टैक्स, बेहतर सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इस पर कार्नी ने ट्रम्प को जवाब देते हुए कहा कि जैसे रियल एस्टेट में कुछ जगहें कभी बिक्री के लिए नहीं होतीं, वैसे ही कनाडा भी कभी बिकाऊ नहीं है।


ट्रम्प ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक के बाद एक पोस्ट में कनाडा को चेतावनी दी थी कि अगर वह चीन के साथ गहरा व्यापार संबंध बढ़ाता है तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। ट्रम्प ने कहा कि अगर कार्नी ये सोचते हैं कि वे कनाडा को चीन का ऐसा रास्ता बना देंगे जहां से चीन अपना सामान अमेरिका भेज सके तो वे गलत हैं। ट्रम्प ने कहा कि चीन, कनाडा को पूरी तरह नुकसान पहुंचा देगा। चीन, कनाडा के कारोबार, समाज और जीवनशैली को खत्म कर देगा और देश को पूरी तरह निगल जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ कहा कि अगर कनाडा ने चीन के साथ कोई समझौता किया, तो अमेरिका तुरंत कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 100% टैरिफ लगा देगा। ट्रम्प ने शुक्रवार को भी कहा था कि चीन, कनाडा को एक साल के अंदर ही खा जाएगा। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ट्रम्प के 'गोल्डन डोम' मिसाइल प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प इससे नाराज हो गए हैं। कनाडा हमारे बजाय चीन से दोस्ती बढ़ा रहा, जो उन्हें पहले ही साल में बर्बाद कर देगा। कनाडा पर आरोप लगाते हुए ट्रम्प ने कहा कि वह नॉर्थ अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा है।

### कनाडा और अमेरिका के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

अमेरिका और कनाडा एक-दूसरे के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं, जहां हर रोज लगभग 15 हजार करोड़ रुपए के सामान और सेवाओं का आदान-प्रदान होता है। 2024 में, द्विपक्षीय व्यापार का कुल मूल्य लगभग 79 लाख करोड़ रुपए का था, जिसमें अमेरिका का कनाडा के साथ माल व्यापार घाटा 5.21 लाख करोड़ रुपए रहा। यूएसएमसीए (यूनाइटेड स्टेट्स-मेक्सिको-कनाडा एग्रीमेंट) दोनों देशों के बीच एक अहम समझौता था। यह 2020 में लागू हुआ था। यह समझौता मुक्त व्यापार को बढ़ावा देता है। 2026 में इसकी समीक्षा होनी है। यूएसएमसीए के तहत सामान (81% आयात) पर छूट होती है। अमेरिका को मिलने वाला कच्चा तेल, गैस और बिजली का बड़ा हिस्सा कनाडा से आता है। इसके अलावा ऑटो पार्ट्स, लकड़ी और कृषि उत्पाद भी अमेरिका में कनाडा से बड़े पैमाने पर जाते हैं। कनाडा अपने कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा अमेरिका को भेजता है। मशीनरी, टेक्नोलॉजी, दवाइयां और उपभोक्ता सामान के मामले में कनाडा अमेरिका पर काफी हद तक निर्भर है।

### फिलीपींस में बड़ा हादसा

# 350 सवारियों से भरी फेरी समंदर में डूबी, अब तक 15 शव बरामद



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिलिपींस के दक्षिणी इलाके में एक द्वीप के पास एक बड़ा बोट हादसा हुआ है। सोमवार सुबह यहां एक द्वीप के पास 350 से ज्यादा लोगों को ले जा रही एक फेरी डूब गई। हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत हुई है जबकि 28 लोग लापता हैं। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, बचाव दल ने कम से कम 301 यात्रियों को बचा लिया है। कोर्ट गार्ड के अधिकारियों ने बताया कि यह एक इंटर-आइलैंड कार्गो और पैसेंजर फेरी थी, जो जाम्बोआंगा के बंदरगाह शहर से सुलु प्रांत में जोलो आइलैंड की तरफ जा रही थी। फेरी में 332 यात्री और 27 क्रू सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि आधी रात के बाद उसमें तकनीकी खराबी आ गई और वह डूबने लगी। कोस्ट गार्ड ने बताया कि रवाना होने के लगभग 4 घंटे बाद जहाज ने स्थानीय समयानुसार रविवार और सोमवार की दरमियानी रात सुबह 1.50 बजे संकट का सिग्नल भेजा।

■ फेरी में 332 यात्री और 27 क्रू सदस्य सवार थे

**वजह की हो रही जांच**

कोस्ट गार्ड कमांडर रोमेल दुआ ने एएफपी को बताया कि फेरी बालुक द्वीप गांव से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर डूब गई। बचे हुए लोगों को इसी द्वीप पर लेकर जाया गया। उन्होंने कहा कि 316 लोगों को रेस्क्यू करके आइलैंड पर पहुंचा गया जिसमें 15 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 28 लोग अभी भी लापता हैं। फेरी के डूबने की वजह का अभी तक पता नहीं चल सका है। इसकी जांच की जाएगी। साथ ही बताया कि कोस्ट गार्ड ने पोर्ट से निकलने के पहले फेरी को क्लियर कर दिया था और ओवरलोडिंग का कोई संकेत नहीं था।

**नेवी और एयरफोर्स भी ऑपरेशन में शामिल**

दुआ ने एएफपी को बताया कि एक कोस्टगार्ड विमान भी ऑपरेशन में मदद के लिए भेजा गया। नौसेना और वायु सेना ने भी रेस्क्यू में मदद के लिए अपनी टीमें भेजीं हैं। बसिलन के गवर्नर मुजीव हाटामन ने मिंडानाओ के इसाबेला पोर्ट पर घटनास्थल के वीडियो क्लिप्स फेसबुक पर साझा किए हैं। इसमें बचाए गए लोगों को नावों से उतारा जा रहा है। कुछ को स्ट्रेचर पर ले जाया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय रेडियो से बातचीत में कहा कि ज्यादातर बचे हुए लोग ठीक हैं लेकिन कई बुजुर्ग यात्रियों इमरजेंसी मेडिकल केयर की जरूरत है।

### विदेशों में भारतीयों ने 77वां गणतंत्र दिवस मनाया

**बीजिंग/वाशिंगटन (भाषा)।** रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान पहने प्रवासी भारतीयों ने विभिन्न देशों में सोमवार को पूरे उत्साह के साथ 77वां गणतंत्र दिवस मनाया। प्रवासी नागरिकों ने विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशन में गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर विभिन्न मिशन में राष्ट्रध्वज फहराया गया। वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि धूमधाम से आयोजित इस समारोह में स्थानीय भारतीय प्रवासी समुदाय, चीनी समुदाय और राजनयिक एवं वाणिज्यदूत समुदाय सहित 400 से अधिक 'फ्रेंड्स ऑफ इंडिया' शामिल हुए जिनमें "हमारे यूरोपीय संघ के मित्रों और साझेदारों का प्रतिनिधित्व करने वाले 20 महावाणिज्यदूत" भी थे। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत को एक विशेष संदेश दिया। रुबियो ने रविवार को जारी संदेश में कहा, "मैं भारत के गणतंत्र दिवस पर अमेरिका के लोगों की ओर से भारतीयों को हार्दिक बधाई देता हूं।" उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के समूह का उल्लेख करते हुए कहा, "अमेरिका और भारत के बीच एक ऐतिहासिक संबंध है।



**चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने मुर्मू को गणतंत्र दिवस की बधाई दी**


चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्र के नाम संबोधन के अंश पढ़े। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे समारोह में गूंजते रहे और सभी ने गर्व एवं एकता की भावना के साथ राष्ट्रगीत गाया। इस दौरान आयोजित एक प्रदर्शनी में 'वंदे मातरम्' का इतिहास दर्शाया गया और स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष के दौरान देश को एकजुट करने में इसकी प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित किया गया।

## पश्चिम बंगाल के गोदाम में आग लगी, सात घंटे बाद काबू पाया

भाषा ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में सोमवार तड़के एक गोदाम में आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह गोदाम कोलकाता में पूर्वी बाहरी इलाके के नजीराबाद में स्थित है। गोदाम में लगी आग पर सात घंटे की मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि तड़के तीन बजे आग लगने की सूचना मिली और इसे दमकल की 12 गाड़ियों की मदद से बुझाया गया। आग पर सुबह करीब 10 बजे काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ और न ही कोई लापता है। गोदाम के कुछ कर्मचारियों ने हालांकि दावा किया कि जब आग का पता चला, उस समय उनके तीन सहकर्मी रात्रि पाली में काम कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है और इससे हुए नुकसान का आकलन भी अभी नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जाएगी।



### कन्नूर में परेड के दौरान केरल के मंत्री बेहोश हुए

**कन्नूर (केरल) (भाषा)।** केरल के मंत्री कदन्नापल्ली रामचंद्रन सोमवार को यहां गणतंत्र दिवस परेड के दौरान अचानक बेहोश हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कांग्रेस (सेक्युलर) के वरिष्ठ नेता रामचंद्रन गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व कर रहे थे, तभी वह मंच पर गिर पड़े। उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। अधिकारियों के अनुसार, रामचंद्रन ने यहां एक स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के तहत राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पुलिस टुकड़ी की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने अपना संबोधन दिया और कार्यक्रम के समापन से ठीक पहले बेहोश हो गए। पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें तुरंत संभाला।

## थरूर का माकपा के साथ बातचीत की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा कि उन्होंने ऐसी खबरें देखी हैं जिनमें दावा किया गया है कि उन्होंने दुबई में माकपा से जुड़े लोगों के साथ चर्चा की है, हालांकि उन्होंने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वह दुबई में एक साहित्य महोत्सव में भाग ले रहे हैं। थरूर से रविवार को पत्रकारों ने इन खबरों पर उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए संपर्क किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने दुबई की यात्रा के दौरान ऐसी खबरें देखीं, लेकिन विदेश में रहते हुए ऐसे मामलों पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य के किसी अन्य



राजनीतिक दल में जाने की अटकलें इन दावों के बाद सामने आईं कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कोच्चि में हाल के एक कार्यक्रम में उनकी कथित तौर पर उपेक्षा किए जाने और राज्य में पार्टी नेताओं द्वारा उन्हें "दरकिनार करने" से नाराज हैं। केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के संयोजक टीपी रामकृष्णन ने रविवार को थरूर के साथ किसी भी तरह की चर्चा की खबरों से इनकार किया।

### चीन ने जापान से वापस मांगे अपने जुड़वां पांडा

# आखिरी बार देखने पहुंचे हजारों लोग, 50 साल बाद बिना पांडा के रह जाएगा जापान

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान के पांडा प्रेमियों के लिए यह हफ्ता भावुक करने वाला है। टोक्यो के उएनो चिड़ियाघर में मौजूद आखिरी दो जुड़वां पांडा शाओ शाओ और लेई लेई 27 जनवरी को चीन लौट रहे हैं। इन पांडा पर चीन का मालिकाना हक है। रविवार को चिड़ियाघर में इन्हें आखिरी बार सार्वजनिक तौर पर दिखाया गया। हजारों लोग आखिरी बार पांडा देखने पहुंचे। चिड़ियाघर ने हर विजिटर को सिर्फ एक मिनट का समय दिया था। इसके बावजूद लोग पांडा-थीम वाले खिलौनों के साथ पहुंचे, उनके नाम पुकारते रहे और मोबाइल से फोटो-वीडियो बनाते दिखे। कई लोग टिकट न मिलने के बावजूद चिड़ियाघर आए, ताकि इस विदाई के गवाह बन सकें। इनके जाने के बाद जापान पहली बार पिछले करीब 50 साल में बिना पांडा रह जाएगा। इनकी विदाई के पीछे जापान और चीन के बीच बिगड़ते रिश्ते बड़ी वजह माने जा रहे हैं।

■ विदाई के पीछे जापान और चीन के बीच बिगड़ते रिश्ते बड़ी वजह माने जा रहे

**चीन लौट रहे जुड़वा पांडा शाओ शाओ और लेई लेई**



**दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी**

हाल के महीनों में टोक्यो और बीजिंग के रिश्तों में तनाव बढ़ा है। जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के उस बयान से चीन नाराज है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ताइवान पर चीन की किसी भी कार्रवाई से जापान दखल दे सकता है।टोक्यो महानगर सरकार की ओर से नए पांडा भेजने के अनुरोध के बावजूद चीन ने साफ कर दिया है कि फिलहाल उएनो चिड़ियाघर में पांडा भेजने की कोई योजना नहीं है। चीन के सरकारी अखबार बीजिंग डेली ने एक विशेषज्ञ के हवाले से कहा कि अगर तनाव बना रहा तो जापान में भविष्य में पांडा दिखाई ही नहीं देंगे। जापान में पांडा डिप्लोमेसी पहले भी राजनीति से टकरा चुकी है। 2011 के भूकंप और सुनामी के बाद सेंदाई शहर में पांडा लाने की योजना 2012 के क्षेत्रीय विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी।

**1972 में भेजे थे**

चीन ने 1972 में पहली बार जापान को पांडा भेजे थे। यह तोहफा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध सामान्य होने का प्रतीक था। काले-सफेद पांडा जल्द ही जापान में बेहद लोकप्रिय हो गए और बाद के दशकों में आए पांडा राष्ट्रीय सितारों जैसे माने जाने लगे। पांडा लंबे समय से चीन की कूटनीति का हिस्सा रहे हैं। 1970 के दशक में चीन ने अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों को भी पांडा तोहफे में दिए थे। 1980 के दशक के बाद चीन ने गिफ्ट की जगह लीज सिस्टम शुरू किया, जिसके तहत विदेशी चिड़ियाघर संरक्षण और रिसर्च के लिए शुल्क देते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28